माघ शुक्ल पक्ष - 6, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09 , अंक - 201 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
24 जनवरी 2026 शनिवार

आज का मौसम
27.2 अधिकतम
12.4 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## न्यूज विंडो

### भारतीय मूल के शख्स ने की पत्नी समेत चार की हत्या

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में कथित पारिवारिक विवाद के चलते गोलीबारी में मारे गए लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। अटलांटा में भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस गोलीबारी में शुक्रवार सुबह (स्थानीय समय) चार लोग मारे गए। घटना के समय घर में तीन बच्चे भी मौजूद थे। अटलांटा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने इस गोलीबारी पर गहरा दु:ख जताते हुए कहा कि कथित शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है और मृतकों के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

### ओशिवारा फायरिंग केस में कमाल आर खान गिरफ्तार



**मुंबई।** एक्टर-प्रोड्यूसर और कथित फिल्म क्रिटिक कमाल आर खान अक्सर अपने विवादित सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। उन्हें मुंबई पुलिस ने हिरासत में लिया। कमाल आर खान उर्फ केआरके को बीते 18 जनवरी को मुंबई के ओशिवारा के अंधेरी स्थित एक रिहायशी बिल्डिंग पर चार राउंड फायरिंग करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। पुलिस की पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और आज उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### पाक में आत्मघाती हमला 5 लोगों की धमाके से मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक शांति समिति सदस्य के आवास पर शादी समारोह के दौरान हुए आत्मघाती हमला हो गया। इस हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए और दस घायल हो गए। डेरा इस्माइल खान जिले के जिला पुलिस अधिकारी, सज्जाद अहमद साहिबजादा ने पुष्टि की कि यह एक आत्मघाती बम हमला था जो शांति समिति के प्रमुख नूर आलम मेहसूद के आवास पर शादी समारोह के दौरान हुआ। विस्फोट से कमरे की छत गिर गई, जिससे बचाव कार्य बाधित हुआ और मलबे के नीचे फंसे लोगों तक पहुंचना मुश्किल हो गया।

### पंजाब में रेलवे लाइन पर धमाका, ट्रेन ड्राइवर घायल

**फतेहगढ़।** सरहिंद क्षेत्र में रेलवे लाइन पर देर रात एक बड़ा धमाका होने की खबर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार यह धमाका आरडीएक्स से किया गया बताया जा रहा है।



घटना रात करीब 11 बजे की है, जब एक मालगाड़ी फ्रेट कोरिडोर रेल लाइन से गुजर रही थी। जानकारी के मुताबिक यह नई रेलवे लाइन विशेष रूप से मालगाड़ियों के संचालन के लिए बनाई गई है। जैसे ही मालगाड़ी का इंजन खानपुर फाटकों के पास पहुंचा, तभी अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके के कारण रेलवे लाइन का करीब 12 फीट हिस्सा पूरी तरह उड़ गया। इस धमाके में मालगाड़ी के इंजन चालक को भी चोटें आई हैं। घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### श्रीनगर के डलगेट गेस्ट हाउस में लगी भीषण आग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के डलगेट स्थित एक गेस्ट हाउस में भीषण आग लग गई है। इस आग की वजह से आस-पास अफरा-तफरी का माहौल है। यह भीषण आग की वजह से लगी है फिलहाल इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और आग को बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

### आज का कार्टून

**शशि थरूर पर संदीप दीक्षित का अटैक**




---


**हाई लेवल मीटिंग में चर्चा... सरकार मना रही है साल भर चलने वाला उत्सव**

# 'वंदे मातरम' के लिए प्रोटोकॉल लागू करने की तैयारी, अनादर पर एक्शन

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सरकार 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान 'जन गण मन' जैसा दर्जा देने की तैयारी कर रही है। इसी सिलसिले में हाल ही में एक हाई-लेवल मीटिंग हुई, जिसमें इस राष्ट्रीय गीत को गाने के नियमों और प्रोटोकॉल पर चर्चा की गई। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, इस मीटिंग में यह तय करने की कोशिश की गई कि क्या वंदे मातरम के गायन के लिए भी जन गण मन की तरह कोई तय नियम, आचरण या कानूनी बाध्यता होनी चाहिए।

यह कदम सरकार के उस प्रयास का हिस्सा है, जिसे सत्ताधारी बीजेपी ने वंदे मातरम के सम्मान को बढ़ाने की कोशिश बताया है। बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस ने 1937 में इसके कुछ महत्वपूर्ण हिस्सों को हटाकर इसके महत्व को कम किया था। यह कवायद ऐसे समय में हो रही है जब केंद्र सरकार वंदे मातरम के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले उत्सव का आयोजन कर रही है। इस उत्सव का पहला चरण नवंबर में पूरा हो चुका है, दूसरा चरण इसी महीने, तीसरा अगस्त 2026 में और चौथा नवंबर 2026 में होगा। गृह मंत्रालय की ओर से बुलाई गई



इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि राष्ट्रीय गीत को कब गाया जाना चाहिए, क्या इसे राष्ट्रगान के साथ गाया जाना चाहिए, और इसके अपमान पर क्या कोई दंड का प्रावधान होना चाहिए।

हाल के वर्षों में, अदालतों में कई याचिकाएं दायर की गई हैं, जिनमें राष्ट्रीय गीत के गायन के लिए एक ढांचा तैयार करने और यह स्पष्ट करने की मांग की गई है कि क्या राष्ट्रीय सम्मान को ठेस पहुंचाने की रोकथाम अधिनियम, 1971 के तहत दंड का प्रावधान किया जा सकता है। यह कानून राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति अनादर को रोकने के लिए बनाया गया था।

**अभी संरक्षण का नियम नहीं**

2022 में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि 1971 का कानून राष्ट्रगान गाने से रोकना या ऐसे गायन में किसी सभा में बाधा डालना एक अपराध मानता है। राष्ट्रीय गीत के लिए ऐसे कोई दंडात्मक प्रावधान नहीं किए गए हैं। सरकार ने यह भी कहा था कि अब तक ऐसे कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं, जो यह बताते हों कि वंदे मातरम कब गाया या बजाया जा सकता है। राष्ट्रगान जन गण मन को जहां स्पष्ट संवैधानिक और वैधानिक संरक्षण प्राप्त है, वहीं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को ऐसा कोई संरक्षण नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 51 (ए) के तहत नागरिकों का यह मौलिक कर्तव्य है कि वे राष्ट्रगान का सम्मान करें। इसके गायन और उपयोग को एमएचए की ओर से जारी विस्तृत कार्यकारी आदेशों द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

---

**थम नहीं रहा मौनी अमावस्या पर उपजा विवाद**

# अविमुक्तेश्वरानंद का सवाल क्या हम उनके टुकड़ों पर जी रहे?

**प्रयागराज. एजेंसी**



मौनी अमावस्या पर स्नान को लेकर उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 6 दिन से प्रयागराज माघ मेले में धरने पर बैठे हैं। जिसे लेकर राजनीति भी गर्माई हुई है। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हिंदू धर्म में खलीफा परंपरा को लाया जा रहा है। केशव प्रसाद मौर्य के विवाद पर उन्होंने कहा कि ये बीजेपी की प्राथमिक भावना को प्रदर्शित करने वाला बयान है, मगर आज वाली बीजेपी लोगों को स्वीकार नहीं। गंगा स्नान आदर की परंपरा है, निरादर से स्नान की परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा कि हां, कुछ लोग सनातन को कमजोर कर रहे, ये बिल्कुल सही है। सनातन में परंपरा रही है कि राजा और धर्माचार्य अलग होते थे। राजगुरु होते थे, राजा खुद गुरु नहीं होते थे। ये मुस्लिमों में परंपरा है, वहां खलीफा परंपरा है। इसके मायने हैं कि जो राष्ट्र का अध्यक्ष होता है, वही धर्मगुरु भी होता है। हिंदू धर्म में खलीफा परंपरा को लाने का प्रयास किया जा रहा है। जो राजा है, वहीं गुरु भी है।

**सनातन मजाक का विषय नहीं : धीरेंद्र शास्त्री**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने शंकराचार्य अविमुक्तानंद सरस्वती और योगी सरकार के बीच चल रहे विवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। श्रीरामकथा को लेकर कोटा प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस विवाद में दोनों ही पक्ष अपने हैं और दोनों ही सनातनी हैं। ऐसे में किसी भी तरह से सनातन धर्म का हास-परिहास नहीं होना चाहिए। सनातन मजाक का विषय नहीं है।

---

**ईरान ने कहा-अमेरिकी मिलिट्री बेस निशाने पर**

# तेजी से बढ़ रहा है जंगी बेड़ा हमले को तैयार अमेरिका

**वाशिंगटन/तेहरान. एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्प पर विचार कर रहे हैं। ट्रम्प ने ऐसे सैन्य विकल्पों की मांग की है, जिनका असर 'निर्णायक' हो। रक्षा मंत्रालय पेंटागन और व्हाइट हाउस ने इन पर काम करना शुरू कर दिया है। इनमें ईरानी शासन को सत्ता से हटाने की योजना भी शामिल है।

दूसरी तरफ आज अमेरिकी जंगी बेड़ा अब्राहम लिंकन भी मिडिल ईस्ट पहुंच सकता है। इसके चलते आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका ईरान पर कोई अचानक सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी गतिविधियों के जवाब में



ईरानी सुप्रीम काउंसिल के जावेद अकबरी ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सभी सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर हैं। हमारी मिसाइलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक दिन पहले कहा था कि अमेरिकी जंगी जहाज अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अरब सागर में अमेरिकी सेंट्रल कमांड के जोन में आ चुका है।

**जॉर्डन में फाइटर जेट्स तैनात**

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक यूएस एयरफोर्स ने जॉर्डन में कम से कम 12 एफ -15 फाइटर जेट्स तैनात किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि और विमान भी रास्ते में हैं। 20 से 22 जनवरी के बीच अमेरिकी सी-17 सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान कई बार जॉर्डन के मफराक अल-ख्वाजा एयरबेस पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक इन विमानों से पैट्रियट-3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लाए गए हैं। इनका मकसद इजराइल को ईरान की जवाबी कार्रवाई से बचाना है, क्योंकि तेहरान पहले ही बदले की धमकी दे चुका है। इसके अलावा हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर लगातार कार्गो विमान उतर रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका संभावित सैन्य ऑपरेशन के लिए रसद और सैनिकों की तैनाती कर रहा है।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में किया 'संध्या छाया' का लोकार्पण**

# महंगे होटल जैसी सुविधा वाला ओल्ड एज होम शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के पहले पेड लग्जरी ओल्ड एज होम यानी वृद्धाश्रम की शुरुआत आज से हो गई है। 24 करोड़ रुपए से बने इस ओल्ड एज होम का लोकार्पण सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया। यहां कमरे की साइज के हिसाब से 38490 से 49990 रुपए तक हर महीने किराया लगेगा। कॉल बेल, इंटरकॉम और टेलीफोन जैसी सुविधा हर कमरे में मिलेगी। वहीं, टीवी, फ्रिज-एयर कंडीशनर भी होंगे। यह फाइव स्टार जैसा है और किराया भी उसी हिसाब से है। ये ओल्ड एज होम ऐसे बुजुर्गों का आसरा बनेगा, जिनके बच्चे विदेश या मेट्रोपोलिटन शहर में जॉब करते हैं। इस



कारण बुजुर्ग एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे हैं और उनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। आर्थिक संपन्नता होते हुए भी सामाजिक और पारिवारिक वातावरण से दूर रहने के लिए मजबूर हैं। ओल्ड एज होम सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बनाया है।

**लिंक रोड पर 5 एकड़ में बना**

वृद्धाश्रम पत्रकार कॉलोनी लिंक रोड नं-3 पर 5 एकड़ जमीन पर बना है। इसमें 12 सिंगल बेड, 22 डबल बेड, कुल 34 कमरें है। इसमें 56 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था है। बिल्डिंग में एयर कंडिशंड रूम, टीवी, फ्रिज, गर्म एवं ठंडे पानी की सुविधा है। वहीं, हर रूम में बालकनी है। डॉक्टर और स्वास्थ्य सेवाएं भी मौजूद रहेंगी।

---

# पीएम मोदी बोले - दस साल में दोगुनी हो गई हमारी जीडीपी

**61 हजार युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र**

**नईदिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 18वें रोजगार मेले के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त युवाओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज का दिन बेहद विशेष है। आज के दिन ही हमारे संविधान ने जन-गण-मन को राष्ट्रीय गान और वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया था। आज के ही दिन 61 हजार से ज्यादा नौजवान जीवन की नई शुरुआत कर रहे हैं। इन सभी युवाओं को सरकारी नियुक्ति दिए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत पर जिस तरह दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है, वो भी



युवाओं के लिए अनेक नई संभावनाएं बना रहा है। भारत दुनिया की एकमात्र इकॉनमी है जिसने महज एक दशक में जीडीपी को दोगुना किया है। पीएम मोदी ने कहा, भारत में खूब विदेशी निवेश हो रहा है। आज भारत डिफेंस, दवाएं, ऑटो समेत कई क्षेत्रों में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है। 2014 के बाद से भारत इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में 6 गुना वृद्धि हुई है। आज ये 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की इंडस्ट्री है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर चल पड़ा है। इसका उद्देश्य, देश में जीवन और कारोबार, दोनों को आसान बनाने का है। उन्होंने कहा, 'आज के इस आयोजन में 8 हजार से ज्यादा बेटियों को भी नियुक्ति पत्र मिले हैं।

---

### इंदौर में सड़क पर शव रखकर चक्काजाम

**इंदौर।** शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों का सिलसिला नहीं थम रहा है। शुक्रवार को फिर एक महिला और एक पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई और दूषित पानी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई। आज सुबह एक मृतक के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। अब भी इलाके में रोज कई मरीज उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक भागीरथपुरा के 10 मरीजों का अब भी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिसमें से दो गंभीर बीमार मरीजों को वेंटीलेटर पर रखा गया है। शुक्रवार को 82 साल की विद्याबाई यादव और 63 साल के बद्रीप्रसाद की मौत हो गई थी।

---

**मेट्रो एंकर**

**क्रिकेटर स्मृति मंधाना से टूटी थी सगाई, दोस्त ने लगाए संगीन आरोप**

# दूसरी महिला संग बिस्तर में पकड़े गए थे पलाश मुच्छल, हुई थी पिटाई

**मुंबई/इंदौर, एजेंसी**

सिंगर पलाश मुच्छल बीते कुछ महीनों से सुर्खियों में हैं। उन पर क्रिकेटर स्मृति मंधान पर धोखा देने का आरोप लगा था, जिसके बाद उनकी शादी टूट गई थी। इसके बाद बीते दिन उन पर एक्स मंगेतर के दोस्त और एक्टर-डायरेक्टर विद्यान माने ने 40 लाख रुपये का फ्रॉड करने का भी आरोप लगाया था और दावा किया कि पैसे लेकर उन्होंने फिल्म नहीं बनाई। जिसके बाद महाराष्ट्र के सांगली में सिंगर के खिलाफ शिकायत भी दर्द कराई।

विद्यान को स्मृति मंधाना का बचपन का दोस्त बताया जा रहा है। और उनके ही जरिए वह पलाश से मिले थे। क्रिकेटर के दोस्त ने आरोप लगाया है कि नवंबर, 2025 में एक शादी के फंक्शन के दौरान पलाश को दूसरी महिला के साथ पकड़ा गया था। उनके मुताबिक, मैं 23 नवंबर को शादी में शामिल



फाइल

होने के लिए गया था। वहां पर पलाश को दूसरी महिला के साथ बिस्तर में रंगे हाथ पकड़ा गया था। भयानक सीन था। उसे भारतीय महिला क्रिकेटर्स ने पीटा भी था। उसका पूरा परिवार चिंदी चोर है। मुझे लगा था कि वह शादी करके सांगली में सेटल होगा। लेकिन ये सब मेरे पर ही उल्टा पड़ गया। विद्यान ने आगे दावा किया कि उन्होंने पलाश और उसके परिवार के साथ मिलकर एक फिल्म बनाने के लिए 40 लाख रुपये इन्वेस्ट किए थे। लेकिन बाद में उन पर और रुपये लगाने का दबाव बनाया जाने लगा। मैं जब अमिता मुच्छल से मिला था पिछले महीने तो उन्होंने कहा कि फिल्म को रिलीज करने का बजट अब 1.5 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है। उन्होंने दावा किया, वो लोग मुझसे कहने लगे कि 10 लाख रुपये और इन्वेस्ट करो या फिर मुझे एक भी रुपया वापस नहीं मिलेगा। उन लोगों ने मुझे ब्लैकमेल करना और मुझे फिल्म से निकालने की धमकी देनी शुरू कर दी थी और फिर मुझे मजबूरन शिकायत दर्ज करानी पड़ी। स्मृति के दोस्त ने बताया कि शादी टूटने के बाद से उनका पलाश से संपर्क टूट गया था। शादी टूटने के बाद, उसके परिवारवालों ने मुझे हर जगह से ब्लॉक कर दिया था। बाद में ये भी मालूम हुआ कि फिल्म के आर्टिस्ट्स को भी जो पैसे मिलने थे, वो नहीं मिले।

**विद्यान को मिल रही हैं धमकियां**

विद्यान ने बताया कि वह बस मुच्छल परिवार की सच्चाई दुनिया को बताना चाहते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनको धमकियां मिल रही हैं और फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। लेकिन उसमें कोई प्रोग्रेस नहीं दिख रही। मेरे पास फोन पर हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग और चैट सब सेव्ड है। उसे मैं पुलिस और मीडिया के साथ शेयर करने के लिए तैयार हूं। इधर, पलाश ने आरोपों पर रिएक्ट किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि सांगली के विद्यान ने जो आरोप लगाए हैं, वो पूरी तरह से निराधार हैं। सिंगर के मुताबिक, वह इस पर कानूनी कार्रवाई करेंगे और उन्होंने बताया कि उनके वकील श्रेयांस मिथारे इस पर काम भी कर रहे हैं।

# एसआईटी के रडार पर बूचड़खाने के कर्मचारी गो तस्करी के रूट और सप्लाई चेन की जांच तेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल के जहांगीराबाद स्थित जिंसी बूचड़खाने में हुए सनसनीखेज गोकशी कांड की जांच अब और अधिक सघन हो गई है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से पड़ताल शुरू कर दी है, जिससे आने वाले दिनों में कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

एसआईटी केवल बूचड़खाने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वह गौतस्करी के संभावित रूट और सप्लाई चेन की भी पड़ताल कर रही है। पकड़े गए आरोपितों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है कि मवेशियों को किन क्षेत्रों से लाया जाता था और किन गुप्त रास्तों से उन्हें बूचड़खाने तक पहुँचाया जाता था। इसके साथ ही, मांस की सप्लाई किन अन्य शहरों या राज्यों में की जा रही थी, इसके परिवहन मार्ग को चिन्हित करने के प्रयास भी तेज़ कर दिए गए हैं।

## रिकॉर्ड में हेरफेर की जांच

इस मामले की गंभीरता सीसीटीवी फुटेज गायब होने और रिकॉर्ड में बड़े पैमाने पर हेरफेर के आरोपों से और बढ़ गई है। एसीपी उमेश तिवारी



के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय एसआईटी अब न केवल मुख्य आरोपितों, बल्कि नगर निगम के संबंधित अधिकारियों और प्रशासनिक स्तर पर हुई चूक की भी बारीकी से जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इतना बड़ा अवैध कारोबार प्रशासन की नाक के नीचे कैसे संचालित हो रहा था।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले जिंसी स्थित बूचड़खाने से भारी मात्रा में यानी 26.5 टन संदिग्ध मांस जब्त किया गया था, जिसके बाद गोकशी का खुलासा हुआ। इस मामले में पुलिस ने असलम कुरैशी उर्फ असलम चमड़ा को मुख्य आरोपित बनाया है और कंटेनर चालक शोएब को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

## आरोपी से 16 घंटे तक की पूछताछ

मामले में स्लॉटर हाउस का संचालक असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा मुख्य आरोपी है। उससे दो अलग-अलग अधिकारियों ने करीब 16 घंटे तक पूछताछ की। वह लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा है और बरामद मांस को अपना मानने से इनकार कर रहा है। असलम ने पुलिस को बताया कि माल की पैकिंग केवल स्लॉटर हाउस में हुई थी, लेकिन वह आगरा की एक प्रतिष्ठित एग्रो फूड कंपनी का था। पुलिस ने असलम से उसके बिजनेस पार्टनर्स और करीबी गुर्गों की जानकारी हासिल की है। साथ ही, स्लॉटरिंग से पहले जानवरों का चेकअप करने वाले डॉक्टर बेनी प्रसाद गौर की भूमिका को लेकर भी जानकारियां जुटाई गई हैं। वहीं, ट्रक ड्राइवर शोएब से भी अहम जानकारियां हाथ लगी हैं। शोएब ने स्वीकार किया है कि उसे प्रति ट्रिप 10 से 15 हजार रुपए मिलते थे। हालांकि, शोएब का कहना है कि उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि कंटेनर में गोमांस भरा है। असलम का कारोबार विदेशों तक फैला हुआ है। पुलिस को चाइना से भी असलम के कारोबार जुड़े होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में पूछताछ जारी है। पूछताछ के दौरान असलम ने बताया कि उसका माल शिपिंग कंटेनरों के जरिए मुंबई भेजा जाता था और वहां से गल्फ देशों में सप्लाई किया जाता था। वहीं, कई राज्यों बिहार, बेंगलुरु, हैदराबाद और महाराष्ट्र में भी असलम का कारोबार फैला हुआ है। इस बात की पुष्टि खुद असलम ने पूछताछ में की है।

### दो सत्रों के बावजूद भोज विवि में एडमिशन कम

# छात्रों को आकर्षित करने के लिए अब स्कॉलरशिप का प्रस्ताव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

2025 में जनवरी-जुलाई मिलाकर 22,330 प्रवेश, 2024 के एक सत्र से भी 6 हजार कम

भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय ने अब साल में दो बार जुलाई और जनवरी सत्र में एडमिशन देना शुरू कर दिया है। जनवरी -2026 सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया अभी चल रही है, लेकिन पिछले एक साल के आंकड़े बताते हैं कि दो सत्रों वाली व्यवस्था का फायदा विवि को अब तक नहीं मिल पाया है। वर्ष 2025 में जनवरी और जुलाई दोनों सत्र मिलाकर जितने एडमिशन हुए, वह वर्ष 2024 के सिर्फ एक सत्र (जुलाई) में हुए एडमिशन से भी कम हैं। वहीं विवि प्रशासन ने एडमिशन बढ़ाने के लिए नया कदम उठाया है।

विश्वविद्यालय की ओर से राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है कि भोज मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों को भी स्कॉ रशिप का लाभ दिया जाए। वर्ष 2025 में जनवरी सत्र में करीब 12,823 और जुलाई सत्र में करीब 9,507 एडमिशन हुए। यानी पूरे साल में कुल 22,330 छात्रों ने प्रवेश लिया। वहीं वर्ष 2024 के एक ही सत्र जुलाई में 28,728 एडमिशन हुए थे। यानी, करीब 6 हजार एडमिशन कम हुए। साफ है कि पिछले कुछ वर्षों में केवल जुलाई सत्र में भी विश्वविद्यालय को अधिक संख्या में प्रवेश मिलते रहे हैं, लेकिन दो सत्र लागू होने के बाद भी कुल आंकड़ा गिर गया।

## निशुल्क प्रवेश भी देता है विवि

यह स्थिति तब है जब विवि थर्ड जेंडर, कैदियों और सैनिकों से एडमिशन के लिए फीस नहीं लेता। इसके बावजूद संख्या में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो सकी। विवि का मानना है कि अगर रेगुलर कॉलेजों की तरह ओपन यूनिवर्सिटी के छात्रों को भी छात्रवृत्ति मिलेगी तो ग्रामीण क्षेत्रों, कामकाजी युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए पढ़ाई आसान होगी।

वहीं जिम्मेदारों का कहना है कि एडमिशन की समीक्षा की जाती है। छात्र संख्या बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जाते हैं। एक वर्ष में दो बार प्रवेश की सुविधा के बाद भी छात्र संख्या में वृद्धि क्यों नहीं हो रही है, इसकी भी समीक्षा फिर की जाएगी। भोज विवि में प्रवेश लेने वाले छात्रों को भी स्कॉलरशिप का लाभ मिले, इस संबंध में राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है। इससे छात्र भोज विवि में प्रवेश लेने के लिए आकर्षित होंगे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी

# 22 हाईटेक झांकियां रहेंगी शामिल

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

देश के 77 वें गणतंत्र दिवस पर राजधानी में विकसित भारत 2047 की झांकियां लाल परेड मैदान में देखने को मिलेंगी, इसके लिए एमवीएम कॉलेज के मैदान में 150 से अधिक कारीगरों द्वारा विभिन्न योजनाओं पर आधारित 22 हाईटेक झांकियां तैयार की जा रही हैं। इन झांकियों को तैयार करने में थ्रीडी विजन का खास ध्यान रखा जा रहा है। वहीं झांकी को बनाने में केवल मिट्टी, पीओपी और प्लाई नहीं, बल्कि ऐसी घरेलू वस्तुओं का भी उपयोग किया जा रहा है। झांकियों का आकार और तकनीकी संरचना हर झांकी ट्रैक्टर ट्रॉली पर बनाई जा रही है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 45 फीट, चौड़ाई करीब 10 फीट और ऊंचाई लगभग 13 फीट रखी गई है।




जनजातीय कार्य विभाग की झांकी

# तकनीकी सोच, रचनात्मकता का अनूठा संगम टेक्नो सर्च-2026

### मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में मैफिक एक्स टेक्नो सर्च

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में चल रहे मैफिक एक्स टेक्नो सर्च 2026 के दूसरे दिन तकनीकी सोच, रचनात्मकता और छात्र ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत तकनीकी और विश्लेषणात्मक गतिविधियों से हुई। जिसमें केसक्राफ्ट, एसेंट और साइबर हंटर जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने टीमवर्क, समस्या समाधान और प्रस्तुति कौशल दिखाए। वहीं फिनिट के तहत वित्त आधारित गतिविधियों ने छात्रों को व्यावहारिक, आर्थिक समझ और रणनीति का अनुभव कराया। सांस्कृतिक मंचों पर एकल गायन और एकल नृत्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने विविध शैलियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जबकि इंटर डिपार्टमेंट डांस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की टीमों ने थीम आधारित समूह नृत्य से दर्शकों को प्रभावित करते हुए आपसी समन्वय का परिचय दिया।शाम को एलआरसी ग्राउंड पूरी तरह उत्सव स्थल में बदल गया। नृत्य प्रस्तुति, फैशन वॉक और डीजे नाइट ने छात्रों में जोश भर दिया। एलआरसी परिसर में हैरी पॉटर थीम पर आधारित कोडाक्रोम प्रदर्शनी छात्रों के लिए खास आकर्षण बनी, जहां छात्रों को फोटोग्राफी और सजावट के जरिए कल्पना और दृश्य कला का अनूठा अनुभव देखने को मिल रहा है।

### 56 अस्पतालों की संबद्धता समाप्त

# 40 हजार आयुष्मान कार्ड बंद 24 करोड़ के क्लेम रिजेक्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 'दक्ष आयुष्मान' नाम से लागू जीरो टॉलरेंस टू फ्रॉड एंड एब्यूज फ्रेमवर्क के जरिए मध्य प्रदेश में बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। कार्रवाई में करीब 20 करोड़ रुपए के फर्जी क्लेम रिजेक्ट किए गए हैं। इतना ही नहीं, 56 से ज्यादा अस्पतालों की आयुष्मान योजना से संबद्धता खत्म कर दी गई है।

जांच में इन अस्पतालों में घोषित क्षमता के मुकाबले 30 से 50 प्रतिशत तक बेड कम पाए गए। स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी सख्त करते हुए राज्य में 276 निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। नियमों के उल्लंघन और अनियमितताओं पर 5.58 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगाई गई, जबकि फर्जी बिलिंग करने वाले अस्पतालों से 2.15 करोड़ रुपए की रिकवरी भी की गई। प्रदेशभर में 104 अस्पतालों पर कार्रवाई हुई है। 40 हजार आयुष्मान कार्ड डिसेबल कर उनके जरिए किए गए क्लेम रिजेक्ट कर दिए गए। अब तक 7,883 क्लेम फर्जी या संदिग्ध मिले , जिनकी कुल राशि 24.84 करोड़ है। साथ ही 40,460 फर्जी बीआईएस कार्ड ऑडिट में बंद किए गए। खामियां मिलने पर 47 अस्पतालों को नोटिस, 3 अस्पताल डि-एम्पैनल, 54 स्पेशियलिटी सस्पेंड की गई हैं।




## आईसीयू में बेवजह भर्ती, फर्जी इलाज का खेल

जांच में सामने आया कि कई अस्पतालों में बिना जरूरत मरीजों को आईसीयू में भर्ती किया गया। नॉन-ऑपरेशनल बेड पर इलाज दिखाया गया। फर्जी डॉक्टरों के नाम पर इलाज दर्ज किया गया। कई जगह फायर एनओसी एक्सपायर पाई गई। इसके बावजूद इन अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत इलाज दिखाकर पैकेज लगाकर अनुचित लाभ कमाया जा रहा था।

**एंटी-फ्रॉड कार्रवाई में मध्य प्रदेश देश में नंबर वन:** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत एंटी-फ्रॉड एक्शन कैटेगरी में मध्य प्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया है। इस उपलब्धि का आधार बना 'दक्ष आयुष्मान' फ्रेमवर्क, जिसके तहत फ्रॉड, दुरुपयोग और गलत बिलिंग पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू की गई है।

## मरीजों को दी ईडीएल सूची की दवाएं जांच में अमानक

कभी जहरीला कफ सिरप, कभी फफूंद लगी दवा और अब माउथवॉश में कीड़ा। मध्यप्रदेश में मरीजों को दी जा रही दवाओं की गुणवत्ता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। साल 2025 में भले ही ऐसे 4-5 मामले ही चर्चा में आए, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड बताता है कि हकीकत कहीं ज्यादा डरावनी है। एमपीपीएचसीएल के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले एक साल में ईडीएल (एसेंशियल ड्रग्स लिस्ट) सूची की 25 दवाएं जांच में अमानक पाई गईं। इनमें रोजमर्रा की दवाओं से लेकर गंभीर बीमारियों में दी जाने वाली लाइफ सेविंग ड्रग्स तक शामिल हैं। मई 2025 सबसे खराब महीना रहा, जब एक साथ 7 दवाएं फेल हुईं।

### जैन लिगेसी क्रिकेट टूर्नामेंट

# एसजे इलेवन ने जेजीएम टाईटंस को हराया

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल के बैरागढ़ क्रिकेट ग्राउंड में जैन लिगेसी क्रिकेट टूर्नामेंट हो रहा है। पहले मैच में एसजे इलेवन और जेजीएम टाइटंस के मुकाबला हुआ। एसजे इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेजीएम टाइटंस को 51 रन से हराया। शुभम जैन की तूफानी बल्लेबाजी और ऑलराउंड प्रदर्शन, रोहित जैन की नाबाद पारी से हाई-स्कोरिंग मुकाबला बना। जैन लीगेसी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन का पहला मुकाबला एसजे-11 और जेजीएम टाइटंस के बीच खेला गया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए एसजे-11 ने 12 ओवर में 143 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। एसजे-11 की ओर से शुभम जैन और रोहित जैन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर मैच को हाई-स्कोरिंग बना दिया। शुभम जैन ने सिर्फ 16 गेंदों में 47 रन ठोके, इस दौरान उन्होंने 5 छक्के और 3 चौके लगाए। वहीं रोहित जैन 46 रन बनाकर नाबाद लौटे। 144 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेजीएम टाइटंस की शुरुआत खराब रही।


### भारत भवन में महाभारत समागम के आठवें दिन नाटक मृत्युंजय का मंचन

# कुरुक्षेत्र युद्ध की यात्रा को संवेदनशीलता से उकेरा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भारत भवन के बहिरंग मंच पर महाभारत समागम के आठवें दिन नाटक मृत्युंजय का मंचन हुआ। कर्ण की आत्मसंघर्ष से भरी जीवन यात्रा को केंद्र में रखकर प्रस्तुत इस नाटक ने दर्शकों को वीरता, मित्रता, कर्तव्य और त्याग की मानवीय कथा से जोड़ दिया। जयंत देशमुख के निर्देशन में मंचित यह प्रस्तुति शिवाजी सावंत के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित रही, जिसमें कर्ण के जन्म से लेकर सामाजिक अस्वीकृति, दुर्योधन से मित्रता और कुरुक्षेत्र युद्ध तक की यात्रा को संवेदनशीलता से उकेरा गया। मंच पर कर्ण केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि संघर्षशील मनुष्य और मूल्यों के प्रतीक के रूप में सामने आए। उनके जीवन की पीड़ा, अपमान और अंततः बलिदान ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

समारोह के आठवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि वीर भारत न्यास भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को



जीवन दर्शन, वैज्ञानिक दृष्टि और प्रकृति संरक्षण से जुड़ा बताया और नई शिक्षा नीति में इसके समावेश की बात कही।

पूर्वरंग मंच पर कर्नाटक के यक्षगान की जीवंत लोकनाट्य प्रस्तुति में अभिमन्यु के वीर बलिदान की कथा ने दर्शकों को लोक परंपरा और आधुनिक संवेदना के संगम से परिचित कराया। अंतरंग और पूर्वरंग मंच पर विविध रंग प्रयोग: अंतरंग सभागार में जापान की हिरोशी कोइके ब्रिज कंपनी द्वारा प्रस्तुत महाभारत की समकालीन रंगमंचीय प्रस्तुति ने दर्शकों को अंतर-सांस्कृतिक अनुभव दिया, जबकि ओडिसी नृत्य-नाटिका द्रौपदी ने स्त्री अस्मिता और प्रतिरोध की सशक्त व्याख्या प्रस्तुत की।

**मेट्रो एंकर**

### मंदिरों में कराया बच्चों का विद्यारंभ संस्कार

# पंचमी पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना हुई

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शहर में बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई गई। विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजा-अर्चना की गई। वहीं दूसरी ओर सभी कालीबाड़ियों और सरस्वती विद्या मंदिरों में बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया। तुलसी नगर स्थित आरोग्य भारती में मिथिलांचल परिवार द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया। टीटी नगर कालीबाड़ी में बच्चों को स्कूल बैग, स्लेट और पेंसिल निःशुल्क दी गई।

बरखेड़ा कालीबाड़ी में मां सरस्वती के 12 नामों का उच्चारण कराया गया और चांदी या अनार की कलम से ऊं लिखा गया। भेल ई- सेक्टर बरखेड़ा स्थित सरस्वती मंदिर में बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया। भोजपुरी समाज ने खटलापुरा मंदिर जहांगीराबाद में बसंत पंचमी मनाई। इस दौरान पूजन और सुंदरकांड पाठ किया गया। वहीं आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा एकात्म धाम में रसो वै सः नृत्यारंभ कार्यक्रम



का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती, भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ। पद्मजा सुरेश, ओडिसी नृत्यांगना शुभदा वराडकर सहित विद्वान अतिथि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने नृत्य को आनंद और साधना की अभिव्यक्ति बताते हुए वेदांत दर्शन रसो वै सः के आध्यात्मिक अर्थ पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत शारदा भुजंग स्तोत्र और मेधा सूक्त से हुई। विद्वानों ने कला को आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक चेतना का माध्यम बताया। न्यास द्वारा चयनित प्रतिभागियों को सौन्दर्य लहरी और दक्षिणामूर्ति स्तोत्र पर आधारित भरतनाट्यम प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कला के माध्यम से भारतीय संस्कृति के प्रसार के प्रयासों की सराहना की।

शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में सरस्वती पूजा और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की चेतना जागृत करना था. मुख्य अतिथि योग प्रशिक्षक कीर्ति जोशी ने शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक शर्मा ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के सांस्कृतिक महत्व के साथ नेताजी के प्रेरक जीवन प्रसंग साझा किए।

## दादा गुरु के प्रकटोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री





भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार देर शाम मां नर्मदा के सरस्वती घाट पर आयोजित दादा गुरु के प्रकटोत्सव पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए। विदेश (दावोस) से लौटने के बाद दादा गुरु के दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंचे। सीएमने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब सनातन संस्कृति के संवाहक हैं। कई बार जीवन में ऐसे क्षण आते हैं जब हमें आश्चर्य होता है, जहाँ विज्ञान के नियम काम करना बंद कर देते हैं या फेल हो जाते हैं, वहीं से धर्म की जय-जयकार शुरू होती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल प्रकृति के नियमों को समझने का प्रयास करता है, लेकिन यह ईश्वरीय कृपा ही है जिससे हमें आनंद और साहस प्राप्त होता है।

## जल संरचनाएं गोंडवाना साम्राज्य की समृद्ध विरासत का है जीवंत प्रमाण : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने जबलपुर के ऐतिहासिक जल मंदिर और वीर बावड़ी परिसर का शुक्रवार को भ्रमण कर पुनरुद्धार कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरचनाएं गोंडवाना साम्राज्य के गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने बावड़ी की वास्तुकला और इसके पुनरुद्धार कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य ध्येय हमारी ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजना और आने वाली पीढ़ी को इससे परिचित कराना है। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने परियोजना की विस्तृत जानकारी दी।

### मकान गणना की प्रश्नावली तैयार, लेकिन एमपी में जनगणना डायरेक्टर नहीं

# अप्रैल में जाति गणना के साथ लोगों के घरों की रसोई की रिपोर्ट जुटा लेगी प्रदेश सरकार

### जनगणना निदेशक की जिम्मेदारी प्रभारी अधिकारी के भरोसे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस साल होने वाली जनगणना को लेकर मकानों की गणना के लिए तारीख के बाद अब प्रश्नावली का भी ऐलान कर दिया है, लेकिन राज्य सरकार एमपी में जनगणना निदेशक का पद नहीं भर पाई है। जबकि सवा दो माह बाद मकान गणना का कार्य शुरू होने वाला है। दूसरी ओर केंद्र सरकार द्वारा तैयार कराई गई मकान गणना में एससी-एसटी और अन्य वर्गों की संख्या का आंकलन सरकार अप्रैल में ही कर लेगी।

इसका खुलासा केंद्र सरकार की प्रश्नावली से हुआ है। सरकार इस दौरान यह भी पता कर लेगी कि कितने लोग अपने मकानों का व्यवसायिक और कितने निजी उपयोग करते हैं। किराए से मकान देने वालों की स्थिति भी इससे साफ हो जाएगी।

केंद्र की सहमति से भरे जाने वाले इस पद के लिए राज्य सरकार को करीब चार महीने के अंतराल में कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला है। इसी कारण से सितम्बर में यहां पदस्थ रहीं एमपी कैडर की आईएएस अधिकारी भावना वालिम्बे के रिटायरमेंट के बाद से अब तक यहां जनगणना निदेशक की जिम्मेदारी प्रभारी अधिकारी के भरोसे है। 22 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए होने वाले मकानों की गणना के लिए प्रश्नावली जारी की है। इसमें बताया गया है कि किस तरह के सवाल लोगों को घरों तक पहुंचने वाले प्रगणक लोगों से पूछेंगे। इस महत्वपूर्ण काम के लिए राज्य में जनगणना निदेशक ही नहीं हैं। अभी एमपी के जनगणना निदेशक का पद छत्तीसगढ़ के जनगणना निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में है। बताया जाता है कि यहां शुरुआत में आईएएस अधिकारी सूफिया फारुकी वली का नाम जनगणना निदेशक के लिए फाइनल हुआ था, लेकिन बाद में एफसीआई में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चली गईं। इसके बाद से इस पद के लिए किसी अधिकारी का नाम फाइनल नहीं हुआ है।

### जाति से लेकर रसोई में बनने वाले खाने तक पर नजर



मकान गणना के लिए जो प्रश्नावली जारी की गई है उसमें 12वां प्रश्न जाति गणना से संबंधित है, जिसमें प्रगणक यह जानकारी लेंगे कि मकान में रहने वाला व्यक्ति एससी, एसटी या अन्य वर्ग का है। इसी तरह लोगों की रसोई में भी सरकार की एंट्री इन सवालों के जवाब के बहाने होगी कि जिस मकान की गणना की जा रही है वहां एलपीजी, पीएनजी या अन्य किस तरह का ईंधन उपयोग हो रहा है। वहां रहने वाले लोगों के खाने में उपयोग होने वाला मुख्य अनाज क्या है? कार, जीप, वैन, मोटरसाइकिल, साइकिल, मोपेड की जानकारी के साथ मोबाइल, लैपटाप, कम्प्यूटर की रिपोर्ट जुटाई जाएगी और इससे यह साफ होगा कि कितने सुविधाभोगी लोग हैं।

### दो चरणों में होगी जनगणना, पहला चरण एक अप्रैल से

जनगणना 2026 और 2027 में दो चरणों में होगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें लोगों की जनसंख्या, जाति और बाकी जरूरी जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसके लिए 16 जून 2024 को सरकारी अधिसूचना जारी की गई है। यह आजादी के बाद भारत की 8वीं और कुल 16वीं जनगणना होगी।

### फरवरी 2026 तक होगी डेढ़ लाख कर्मचारियों की तैनाती

प्रदेश में जनगणना को लेकर फरवरी 2026 में पहले राउंड के लिए पूरे प्रदेश में डेढ़ लाख मचारियों की तैनाती होगी। 20 दिन में डिजिटल जनगणना का काम पूरा किया जाएगा। इसके बाद आंकड़ों को मिलाकर जनगणना आयुक्त को भेजा जाएगा। इस बार पूरी जनगणना डिजिटली होगी।

### मंत्री परमार ने उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की पुस्तकों एवं संस्थान गान का किया विमोचन

# भारत की अपनी समृद्ध शिक्षा पद्धति थी, हर क्षेत्र में विश्वमंच पर था सिरमौर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि भारत की अपनी समृद्ध शिक्षा पद्धति थी। भारत, शिक्षा सहित हर क्षेत्र में विश्वमंच पर सिरमौर था, विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित था। विश्व भर के लोग हमारे यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे। अतीत के विभिन्न कालखंडों में योजनाबद्ध तरीके से, भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा को दूषित कर, हीन भावना भरने का कुत्सित प्रयास किया गया। भारत की अपनी समृद्ध ज्ञान परम्परा पर गर्व का भाव जागृत कर, इस भ्रांति और हीन भावना से मुक्त होने की आवश्यकता है।

मंत्री परमार ने हर क्षेत्र-हर विधा में विद्यमान भारत के पुरातन ज्ञान से जुड़े विविध उदाहरण प्रस्तुत कर, भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा के आलोक में अपने विचार साझा किए। परमार ने विद्यार्थियों को स्वाभाविक कौशल एवं ज्ञान को व्यवहारिक रूप में प्रकटीकरण के लिए भी अभिप्रेरित किया। परमार ने विद्यार्थियों को स्वत्त्व के भाव एवं माननीय मूल्यों के साथ भारतीय दृष्टि से अध्ययन कर, समाज के प्रश्नों का समाधान करने वाले श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए अभिप्रेरित किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित की। मंत्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने अपने पुरुषार्थ, गौरवशाली इतिहास और पूर्वजों के ज्ञान से प्रेरणा लेकर, पुनः भारत केंद्रित शिक्षा के माध्यम से, राष्ट्र के पुनर्निर्माण का सौभाग्यशाली अवसर दिया है। हमें गर्व के भाव के साथ भारतीय दृष्टि से हर क्षेत्र-हर विषय में विद्यमान परम्परागत भारतीय ज्ञान को पुनः विश्वमंच पर स्थापित करना होगा।

### हिन्दू सम्मेलन में शामिल हुए थे कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह , बचाव में आईं पत्नी

# हम सब हिन्दू हैं और हम सबको हक है कि हम हिन्दू सम्मेलन में जाकर हों शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हरदा जिले की टिमरनी सीट से कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह 17 जनवरी को रहटगांव में हिन्दू सम्मेलन में शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर हो रहे हिन्दू सम्मेलन में कांग्रेस विधायक के शामिल होने पर हरदा के जिला कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल उठाए।

विधायक अभिजीत शाह के हिन्दू सम्मेलन में शामिल होने पर उठे विवाद पर विधायक ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन, उनकी पत्नी पलक शाह ने वीडियो जारी कर जवाब दिया है। पलक अभिजीत शाह ने कहा- कांग्रेस नेता आदित्य गार्गव ने सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो जारी किए हैं। जिसमें टिमरनी विधायक अभिजीत शाह सर्व हिन्दू समाज के सम्मेलन में बैठे दिखाई दे रहे हैं। आदित्य गार्गव का यह आरोप है कि विधायक जी आरएसएस के कार्यक्रम में शामिल हुए।



अभिजीत शाह की पत्नी ने कहा- मैं स्पष्ट करना चाहूंगी कि यह सर्व हिन्दू समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया था। जो किसी भी पार्टी चिन्ह या आरएसएस के बैनर तले नहीं आयोजित किया गया था। हम सब हिन्दू हैं और हम सबको हक है कि हम हिन्दू सम्मेलन में जाकर शामिल हों। ये सम्मेलन उन्हीं की विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किया गया था तो वे बहुत सम्मान से गए थे। उन्हें लगा कि उन्हें जाना चाहिए, ये बहुत सराहनीय था।

### कांग्रेस प्रवक्ता को दिया जवाब- अपने वीडियो पर कमेंट्स देखें

पलक शाह ने सवाल उठाने वाले कांग्रेस प्रवक्ता को लेकर कहा- आदित्य गार्गव जी जिस वॉल पर आपने वीडियो शेयर किया है, उसके कमेंट सेक्शन में जाकर देखेंगे तो आप देखेंगे कि आपके इस अपराध लगाते हुए वीडियो की कितनी निंदा की जा रही है। आपका यह वीडियो सीधे-सीधे हमारी कांग्रेस पार्टी को गैर हिन्दू विरोधी पार्टी बताया जा रहा है। आपसे निवेदन है कि प्लीज ये मानसिकता दूसरों के दिमाग में मत बीजारोपण कीजिए। आप सभी जानते हैं कि हमारी कांग्रेस पार्टी के कई ऐसे महत्वपूर्ण लीडर थे, जिन्होंने हिन्दू और हिन्दुत्व को बढ़ावा दिया है। जैसे कि स्व. राजीव गांधी, जिन्होंने प्रथम ताला तुड़वाकर राम मंदिर का आरती कराई थी। और भी कई ऐसे लीडर्स हैं।

### नागरिकों के लिए 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे से खुलेगा लोकभवन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार 25 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक लोकभवन आमजन के लिए खोला जा रहा है। इन तीनों दिन नागरिक लोकभवन की ऐतिहासिकता, प्राकृतिक सौंदर्य एवं विशेष सजावट को करीब से देख सकेंगे। केन्द्रीय संचार ब्यूरो और मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा ÷राजभवन से लोकभवन विषय पर आधारित प्रदर्शनी विशेष आकर्षण रहेगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने समस्त नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे लोकभवन का भ्रमण जरूर करे। लोकतांत्रिक मूल्यों को निकट से अनुभव कर संविधान के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को और अधिक सुदृढ़ करे। यह आयोजन नागरिकों और शासन के बीच संवाद, सहभागिता और विश्वास को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### मप्र में आदर्श आंगनवाड़ियों की बदलेगी सूरत

# झूलों से लेकर लाइब्रेरी तक जरूरी सुविधाओं से होंगी लैस, राजधानी से हो गई शुरुआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ट्रांसफॉर्म आंगनवाड़ी मिशन के तहत मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में 20-20 आंगनवाड़ियों को आदर्श आंगनवाड़ी में परिवर्तित किया जाएगा। इसकी शुरुआत भोपाल से हो चुकी है, जहां आठ आंगनवाड़ियों को आदर्श बनाया जा चुका है तथा सौ और आंगनवाड़ियों को रूपांतरित करने का प्रस्ताव है। इसी प्रकार उज्जैन में सिंहस्थ से पहले एक हजार आंगनवाड़ियों को आदर्श बनाया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक प्रोटोटाइप पहले से ही तैयार है। यह बदलाव व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट दानदाताओं और सीएसआर फंड के वित्तीय सहयोग से किया जाएगा।

जिला प्रशासन के सहयोग से इन परियोजना का संचालन होगा। प्रदेश में वर्तमान में कुल 97,303 आंगनवाड़ियां हैं, जिनके माध्यम से सरकार महिलाओं और बच्चों को एकीकृत बाल विकास



सेवाएं प्रदान करती है। एक आंगनवाड़ी को मॉडल आंगनवाड़ी में बदलने में लगभग छह लाख रुपये का खर्च आता है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत उज्जैन में नवनिर्मित हेलीपैड के पास स्थित एक आंगनवाड़ी का कायाकल्प किया गया है, जिसका उद्घाटन 26 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाना है। जिले की 2,127 आंगनवाड़ियों में से एक हजार आंगनवाड़ियों के कायाकल्प का काम एक अप्रैल से शुरू होगा। पहले चरण में महाकाल मंदिर से पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाली आंगनवाड़ियों का कायाकल्प किया जाएगा।

### रंग-बिरंगी और आदर्श होंगी आंगनवाड़िया

आदर्श आंगनवाड़ियां रंग-बिरंगी और आकर्षक होंगी, जिनमें बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी से लेकर उन्हें खेलने के लिए सुरक्षित स्थान और गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने तक सभी सुविधाएं होंगी। इनमें झूलों आदि से सुसज्जित एक खेल क्षेत्र और एक पोषण वाटिका होगी, जहां सब्जियां उगाई जाएंगी। इनमें एक अभिभावक क्षेत्र भी होगा, जहां क्यूआर कोड स्कैन करके अभिभावक मातृवंदना, शक्ति और वात्सल्य जैसी विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। एक स्वास्थ्य क्षेत्र में बच्चों की लंबाई और वजन मापने की सुविधा होगी। किशोरी कार्नर, खिलौनों का कॉर्नर और बच्चों के लिए एक पुस्तकालय भी आदर्श आंगनवाड़ियों का हिस्सा होंगे।

### तिरंगा डोम में बैठेंगे आगंतुक, तैयारियां पूरी

# गणतंत्र दिवस पर 23 प्लाटून के साथ सबसे लंबी होगी परेड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी के लाल परेड ग्राउंड पर 26 जनवरी को होने वाली परेड इस बार सबसे लंबी परेड में शामिल होगी। परेड में कुल 23 प्लाटून शामिल होंगी। जिसमें 1300 जवान और डॉग स्क्वॉड शामिल होगा। इसके बाद स्कूली और आदिवासी कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।

सातवीं बटालियन के कमांडेंट हितेष चौधरी ने बताया कि इस साल परेड में कुल 23 प्लाटून शामिल होंगी, जिसमें 1300 जवान और डॉग स्क्वॉड शामिल रहेंगे। इसके बाद स्कूली छात्रों और आदिवासी कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। अंत में प्रदेश के सरकारी विभागों की झांकियां निकाली जाएंगी। परेड को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है लाल परेड मैदान पर होने वाली परेड के कमांडर आईपीएस अधिकारी आयुष जाखड़ होंगे। वे फिलहाल ग्वालियर जिले में एसडीओपी के रूप में पदस्थ हैं। इस परेड की सेकेंड कमांडर रतलाम की डीएसपी नीलम होंगी, जो राज्य पुलिस सेवा की अफसर हैं। परेड में एक दशक बाद एनएसएस का दल भी शामिल किया गया है। इसके अलावा परेड में एमपी पुलिस, एसएएफ, पुलिस बैंड, एनसीसी की गर्ल्सज़ और बॉयज विंग, स्काउट गाइड की टीम के अलावा महिला शौर्य दल भी शामिल होगा।

परेड के दौरान पुलिस बैंड का दल देश भक्ति की धुनें बजाते हुए मंच के सामने से गुजरेगा।

**मेट्रो एंकर**

### अमृत 2.0 की संभागवार निगरानी शुरू

# प्रोजेक्ट के काम में मिली खामियां तो ठेकेदार होगा ब्लैक लिस्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। मध्य प्रदेश में भारत सरकार के अमृत-2.0 मिशन के अंतर्गत पेयजल और सीवरेज परियोजनाओं के काम की संभागवार निगरानी शुरू कर दी गई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने राज्य स्तर पर अधिकारियों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमृत-2.0 के काम में खामियां मिली, तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। काम से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही सामने आई, तो उनके विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। इसको लेकर विभाग ने निगरानी सेल बनाई है। इनमें सिविल और तकनीकी कार्यों को विभाजित कर समीक्षा भी की जा रही है। जिसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जा रही है।



इधर, नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने अमृत-2.0 की कई परियोजनाओं में अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ड्राइंग-डिजाइन अनुमोदन में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों एवं पीडीएमसी टीम की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए। दरअसल, त्रुटिपूर्ण डीपीआर के कारण कई परियोजनाओं में विलंब हो रहा है। इसे तैयार करने वाले सलाहकारों की समीक्षा कर दोष पाए जाने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। परियोजनाओं की आनलाइन मानिटरिंग, प्रगति की डिजिटल रिपोर्टिंग और पोर्टल आधारित समीक्षा से जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इधर, आयुक्त भोंडवे ने नगरीय निकायों के अधिकारियों स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिदिन पोर्टल पर अद्यतन करें तथा बिना पूर्व अनुमति किसी भी परियोजना में ईओटी जारी न करें। बता दें कि दो दिन पहले ही आयुक्त भोंडवे ने अमृत-2.0 प्रोजेक्ट के कार्यों की धीमी प्रगति पर 13 ठेकेदार ब्लैक लिस्ट किया है तो, छह को निलंबित किया जा चुका है।

### इन निकायों में सीवरेज और पेयजल सप्लाई प्रोजेक्ट की स्थिति खराब

अमृत-2.0 प्रोजेक्ट के काम की स्थिति प्रदेश की अधिकांश नगरीय निकायों में ठीक नहीं है। इनमें सीहोर, रायसेन, आष्टा, देवरी, विदिशा, बैतूल, नर्मदापुरम, हरदा, मालनपुर, मोहना, सतना, पन्ना, बरोदियाकला, सुरखी, राजगढ़, धार, पीथमपुर, जावरा, रतलाम, मंदसौर, नलखेड़ा, नीमच, नागदा, खरगोन, कटनी, सीहोरा और रीवा में न तो पेयजल सप्लाई का काम पूरा हो पाया है और न ही सीवरेज की लाइन डाली जा सकी। इंदौर में सीवरेज के तीन और पेयजल सप्लाई का एक प्रोजेक्ट है, लेकिन यहां भी काम की प्रगति संतोषजनक नहीं है। भोपाल नगर निगम में भी सीवरेज का काम अधूरा है।

## प्रशासनिक अनुशासन

मध्यप्रदेश सरकार का यह फैसला स्वागतयोग्य है कि अब कोई भी विभाग बिना वित्त विभाग की अनुमति आउटसोर्स पर कर्मचारी नियुक्त नहीं कर सकेगा। लंबे समय से यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि कुछ विभाग तात्कालिक जरूरतों के नाम पर आउटसोर्स भर्तियों को नियम बना चुके थे। इससे न केवल प्रशासनिक अनुशासन कमजोर हुआ, बल्कि सरकारी खर्च और पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े हुए। ऐसे में 2023 के पुराने निदेशों को निरस्त कर नया नियंत्रण तंत्र लागू करना समय की मांग थी। आउटसोर्स व्यवस्था मूल रूप से अस्थायी और वैकल्पिक समाधान के तौर पर लाई गई थी, लेकिन व्यवहार में यह कई जगह स्थायी व्यवस्था का रूप लेने लगी। चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियमित भर्ती में देरी या शिथिलता का हवाला देकर विभागों ने आउटसोर्स एजेंसियों के जरिए नियुक्तियां शुरू कर दीं। इन प्रक्रियाओं में पदों की पहचान से लेकर एजेंसी चयन और निविदा राशि तय करने तक, सब कुछ विभागीय स्तर पर होने लगा। नतीजतन, मनमानी, भाई-भतीजावाद और वित्तीय अनियमितताओं की आशंका बढ़ती गई। वित्त विभाग द्वारा यह कहना कि 2023 के निर्देश अब प्रासंगिक नहीं हैं, अपने आप में एक महत्वपूर्ण स्वीकारोक्ति है। दरअसल, मौजूदा समय में नियमित भर्तियों की प्रक्रिया में तेजी आई है। ऐसे में आउटसोर्स को प्राथमिक विकल्प बनाए रखना न तो तार्किक है और न ही न्यायसंगत। सरकार का यह रुख स्पष्ट संकेत देता है कि वह अब 'तात्कालिक जरूरत' जैसे अस्पष्ट तर्कों के पीछे छिपी अनियमितताओं को स्वीकार करने के मूड में नहीं है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना होगा कि कुछ विभागों में वास्तविक और आकस्मिक जरूरतें उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे मामलों में आउटसोर्स व्यवस्था को पूरी तरह खारिज करना व्यावहारिक नहीं होगा। सरकार ने इसी संतुलन को साधते हुए यह प्रावधान रखा है कि आवश्यकता पड़ने पर वित्त विभाग से पूर्व अनुमति ली जा सकती है। इससे एक ओर जहां लचीलापन बना रहेगा, वहीं दूसरी ओर नियंत्रण और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। यह फैसला केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि शासन की कार्यसंस्कृति में सुधार की दिशा में उठाया गया कदम है। यदि इसे सख्ती और ईमानदारी से लागू किया गया, तो न केवल अनावश्यक आउटसोर्स भर्तियों पर रोक लगेगी, बल्कि सरकारी तंत्र में विश्वास भी बढ़ेगा। अब चुनौती यह है कि इस निर्णय का पालन कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर भी इसकी प्रभावी निगरानी हो। तभी यह कदम वास्तव में प्रशासनिक सुधार का उदाहरण बन सकेगा।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

# बेटियों के सम्मान से ही संभव है राष्ट्र का उत्थान भयमुक्त वातावरण देना समाज का कर्तव्य



योगेश कुमार गोयल
स्तंभकार

हर साल 24 जनवरी को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है, जो केवल एक दिवस मात्र नहीं है बल्कि भारतीय समाज के आत्ममंथन और उत्तरदायित्व बोध का दिवस है। यह वह अवसर है, जब हम यह सोचने को विवश होते हैं कि क्या हमारी बेटियां वास्तव में सुरक्षित हैं, क्या उन्हें समान अवसर मिल रहे हैं और क्या समाज ने उन्हें बोझ नहीं बल्कि संभावना के रूप में स्वीकार किया है? बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उनके साथ होने वाले भेदभाव और हिंसा के विरुद्ध सामूहिक चेतना विकसित करने तथा उनके सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। जब तक देश की बालिकाएं सशक्त नहीं होंगी, तब तक न तो समाज संतुलित हो सकता है और न ही राष्ट्र प्रगति के शिखर को छू सकता है।




एक समय था, जब भारतीय समाज में बेटी का जन्म चिंता का विषय माना जाता था। पुत्र मोह, सामाजिक कुरीतियां, दहेज जैसी अमानवीय परंपराएं और आर्थिक असुरक्षा की मानसिकता ने बेटियों को कोख में ही मार देने जैसी जघन्य प्रवृत्तियों को जन्म दिया। कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह लंबे समय तक सामाजिक स्वीकृति के साथ फलते-फूलते रहे, जिसके दुष्परिणाम स्वरूप देश का लिंगानुपात बुरी तरह बिगड़ गया। हालांकि आजादी के बाद से ही सामाजिक चेतना, कानूनों और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से इस सोच को बदलने के प्रयास हुए लेकिन यह सच है कि मानसिकता में बदलाव सबसे कठिन प्रक्रिया होती है। राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का निर्णय वर्ष 2008 में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लिया गया था और पहली बार 24 जनवरी 2009 को यह दिवस मनाया गया था। यह दिवस मनाए जाने की शुरुआत करने का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं बल्कि बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस सामाजिक संकल्प को मजबूती देना था। यूनिसेफ स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रत्येक बालिका को सुरक्षित, स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से युक्त बचपन का अधिकार है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार किसी भी देश की जनसांख्यिकीय और आर्थिक स्थिरता का सीधा संबंध वहां की महिलाओं और बालिकाओं की स्थिति से जुड़ा होता है। भारत में बीते दो दशकों में बालिकाओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, समग्र शिक्षा अभियान, किशोरी शक्ति योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, उच्च शिक्षा में आरक्षण और सैन्य सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी जैसे कदमों ने बालिकाओं के लिए नए द्वार खोले हैं। आज बालिकाएं शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन, राजनीति, रक्षा, अंतरिक्ष और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में न केवल भागीदारी निभा रही हैं बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में भी दिखाई दे रही हैं। यह परिवर्तन बताता है कि अवसर मिलने पर बालिकाएं किसी से कम नहीं हैं। लेकिन इस सकारात्मक तस्वीर के समानांतर एक भयावह यथार्थ भी मौजूद है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्टें बताती हैं कि बालिकाओं और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी आने के बजाय कई क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। देश में यौन शोषण, घरेलू हिंसा, बाल तस्करी, ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर अपराधों के मामले तेजी से बढ़े हैं। यह तथ्य अत्यंत चिंताजनक है कि अधिकांश अपराध घर या परिचित परिवेश में ही होते हैं, जहां बालिकाएं स्वयं को सबसे अधिक सुरक्षित समझती हैं। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में विश्वभर में 85 हजार महिलाओं और लड़कियों की हत्या हुई, जिनमें से 60 फीसदी यानी करीब 51 हजार हत्याएं महिलाओं और लड़कियों के परिवार के सदस्यों, करीबी रिश्तेदारों या उनके पार्टनर ने की। औसतन प्रतिदिन लगभग 140 महिलाएं और बालिकाएं अपने घरों में हिंसा का शिकार होकर जीवन गंवा रही हैं। अमेरिका जैसे विकसित देश में भी महिलाओं और लड़कियों की हत्या के हजारों मामले सामने आना यह दर्शाता है कि लैंगिक हिंसा केवल विकासशील देशों की समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक मानवीय संकट है। भारत में स्थिति इसलिए और गंभीर हो जाती है क्योंकि यहां अपराध के साथ-साथ सामाजिक चुप्पी और पीड़िता को दोष देने की मानसिकता भी जुड़ी हुई है।

कई मामलों में न्याय प्रक्रिया की धीमी गति, सामाजिक दबाव और भय के कारण अपराध दर्ज ही नहीं हो पाते। बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों में वृद्धि इस बात का संकेत है कि कानून तो बने हैं लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन और सामाजिक चेतना में अभी भी गंभीर कमी है। यह भी सच है कि बालिकाओं को आज भी समानता साबित करने के लिए बालकों की तुलना में कहीं अधिक संघर्ष करना पड़ता है। शिक्षा से लेकर कैरियर, स्वतंत्रता से लेकर सुरक्षा तक, हर स्तर पर उन्हें अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। लैंगिक भेदभाव केवल किसी एक चरण तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह बालिका के जन्म से लेकर जीवन के हर पड़ाव पर उसका पीछा करता है। यही कारण है कि बालिका दिवस जैसे आयोजनों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण देना, उनकी बात सुनना, उनकी पसंद का सम्मान करना और उन्हें निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना ही वास्तविक सशक्तिकरण है। जब समाज यह स्वीकार करेगा कि बेटियां बोझ नहीं बल्कि भविष्य की आधारशिला हैं, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम बालिकाओं को दया या सहानुभूति की दृष्टि से नहीं, अधिकार और समानता की दृष्टि से देखें। यही बालिकाएं देश की वर्तमान ऊर्जा हैं और भविष्य की दिशा भी। यदि उन्हें सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिले तो वे न केवल अपने परिवारों बल्कि पूरे राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं। राष्ट्रीय बालिका दिवस की सार्थकता इसी में है कि यह दिन हमें आत्मविश्लेषण के साथ-साथ ठोस सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणा दे।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# जिम ट्रेनिंग के नाम पर हो रही हिंदू लड़कियों से लव जिहाद की खतरनाक साजिश



मनोज कुमार अग्रवाल
स्तंभकार

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में जिम की आड़ में चल रही एक बड़ी लवजेहाद की साजिश का पर्दाफाश हुआ है। स्थानीय पुलिस ने जिम में वर्कआउट करने वाली हिंदू लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की है। जिम में चल रहे धर्मांतरण के खेल में यूपी पुलिस के सिपाही की भी संलिप्पता सामने आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आयरन फायर जिम का संचालन सिपाही इरशाद खां की ही निगरानी में होता था। जिसमें इरशाद का शागिर्द फरीद अहमद था जिसे पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ा है।

डीआईजी सोमेन बर्मा के अनुसार सिपाही इरशाद इस समय माधोसिंह रेलवे स्टेशन पर जीआरपी में तैनात है। मूल रूप से गाजीपुर के गहमर का निवासी इरशाद खां पिछले कई वर्ष से आयरन फायर जिम का संचालन करता आ रहा है, पर कागजों पर संचालन फरीद अहमद करता था। कागजों पर जिम का मालिक होने के साथ जिम में फरीद अहमद ट्रेनर के रूप में कार्य करता था। इरशाद भी ड्यूटी खत्म करके जिम में आता था। उसका परिवार मिर्जापुर में ही रहता है। एक वर्ष पहले वह माधोपुर स्टेशन पर जीआरपी में गया है। उससे पहले वह मिर्जापुर में ही विभिन्न थानों पर न्यायालय ड्यूटी में तैनात था।पुलिस ने आरोपी फरीद को मुठभेड़ में पहले ही खड़ंजा फाल के पास से गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान उसके बाएं पैर में गोली लगी है। फरीद जिम में आने वाली लड़कियों से दोस्ती करके प्रेम जाल में फंसा कर उनका वीडियो बनाने के बाद ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाता था। पीड़ितों ने बताया कि उन्हें बुर्का पहनने और घर पर पांच वक्त नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया जाता था। उन्हें दरगाह भी ले जाया गया और कलमा पढ़ाकर उनका धर्मांतरण करवा दिया गया। उन्होंने ये भी बताया कि उनके विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।



पुलिस के अनुसार, अबतक इस मामल में 6 गिरफ्तारियां हो चुकीं हैं, जिसमें मुख्य आरोपी फरीद को गुरुवार की सुबह पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली मारकर पकड़ा गया है। इसके कुछ घंटे बाद हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार करने का खुलासा पुलिस ने किया। बता दें, आयरन फायर जिम का संचालन सिपाही इरशाद खां की निगरानी में होता था, जिसमें इरशाद का शागिर्द फरीद अहमद था। बता दें, थाना कोतवाली देहात पर दो अलग-अलग पीड़िताओं द्वारा दी गई तहरीरों के आधार पर गंभीर आरोप दर्ज किए गए थे। पीड़िताओं ने बताया था कि फरीद जिम में आने वाली लड़कियों से दोस्ती करता था और बाद में उन्हें बहला-फुसलाकर प्रेम जाल में फंसा कर उनका वीडियो बना लेता था। इसके बाद फिर ब्लैकमेल करके धर्म परिवर्तन का दबाव बनाता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल दोनों मामले पंजीकृत किए गए और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर एसओजी सहित चार पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पुलिस के अनुसार, विशेष समुदाय द्वारा संचालित इन जिम में आने वाली युवतियों से पहले दोस्ती की जाती थी। फिर धीरे-धीरे उन पर धर्मांतरण के लिए दबाव बनाया जाता था। जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन की तलाशी ली गई। जिसमें कई आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बरामद हुए हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इन मोबाइल फोनों में लगभग 30 से 40 युवतियों की तस्वीरें और वीडियो मिले हैं।पुलिस जांच में सामने आया है कि करीब 35 हिंदू युवतियां कथित तौर पर आरोपियों के निशाने पर थीं। डीआईजी ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी जहीर केजीएन-01 जिम का मालिक है तथा केजीएन-02, केजीएन-03 और आयरन फायर जिम से भी ये आरोपी जुड़े रहे हैं। पीड़िताएं इन्हीं जिमों में जाती थीं। एविडेंस से कोई छेड़छाड़ ना हो, इसलिए पुलिस ने संबंधित जिमों को फिलहाल सील कर दिया है। देहात कोतवाली में दी गई तहरीर में लड़कियों ने बताया कि नारघाट महुवरिया इलाके के 5 जिमों में मालिक और ट्रेनर वर्कआउट के लिए आने वाली हिंदू लड़कियों से पहले दोस्ती करते हैं। फिर् ढ्ढ से एडिट करके अश्लील फोटो, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हैं। उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हैं। एक पीड़िता ने बताया कि उसे बहला-फुसलाकर प्यार के नाटक में फंसा लिया। उसके बाद उसने मेरे साथ अश्लील हरकतें कीं और आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए। मुझे ब्लैकमेल किया और पैसे वसूले। उसने मेरे नाम पर लोन भी करा लिया था, जिसका ओटीपी बार-बार मांगता था।आरोप है कि आरोपियों ने कई बार उसने मेरी बुर्के में फोटो खिंचवाए और घर पर पांचों समय नमाज पढ़ने को कहा। मुझे दरगाह ले गया, कलमा पढ़वाकर धर्मांतरण करवाया। विरोध करने पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। मामले में जिम ट्रेनर फैजल और उसके साथी भी शामिल हैं।

पिछले दिनों में भी लव जिहाद का मामला सामने आया। हबीबगंज थाना क्षेत्र में एक हिंदू युवती के साथ मुस्लिम युवक होटल में पकड़ा गया। आरोपी युवक का नाम मजहर है और वह जिम ट्रेनर है, लेकिन उसने जिम में आने वाली युवती को अपना नाम बंटी बताकर दोस्ती की थी। मजहर को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने होटल में पकड़ा और पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पिछले दिनों इंदौर में एक जिम ट्रेनर पर पीड़िता ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया । वह एरोड्रम थाना पहुंची और शिकायत में बताया, मकसूद मुझसे 'रमेश' बनकर मिला और इवेंट मैनेजमेंट के काम के लिए बिजासन टेकरी के सामने बुलाया। बात करने के बहाने कोल्ड ड्रिंक में नशीली सामग्री पिलाकर कार में बलात्कार किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी जिम ट्रेनर मकसूद खान के खिलाफ बलात्कार सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। साध्वी प्राची ने कहा कि मुस्लिम ब्यूटी पार्लर, जिम, मजारें आदि लव जिहाद के कुछ गिने-चुने अड्डे बनते जा रहे हैं। वह देश के हिंदू समाज से यह आह्वान करना चाहती हैं कि अपनी बेटियों को इन जगहों पर भेजना बंद करें। जाहिर है कि हर शहर में चल रहे कुछ जिमों में एक संप्रदाय विशेष के ट्रेनर हिन्दू लड़कियों का ब्रेनवाश कर जबरन धर्मांतरण और लवजेहाद का षडयंत्र चला रहे हैं सभी अभिभावकों को अपनी लडकियों को जिम में भेजने से पहले अच्छी तरह पड़ताल करनी चाहिए ताकि साजिश नाकाम की जा सके।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

हेल्थ अलर्ट

# आवाज भी बताती है सेहत का हाल, बोलने के अंदाज में छिपे कई गंभीर बीमारियों के संकेत

**एक** 60 साल के बुजुर्ग डॉक्टर के पास पहुंचे और बताया कि 35 साल की शादी में मेरा स्वभाव कभी नहीं बदला लेकिन अब मेरी पत्नी मुझ पर चिल्लाना बंद कर चुकी है। वह मुझसे बहुत धीरे और नरमी से बात करने लगी है। यह मुझे अजीब लग रहा है। डॉक्टर ने उनकी पूरी बात सुनी और जांच की। जांच में पता चला कि व्यक्ति को हाइपोफोनिया नाम की समस्या थी, जिसमें आवाज की तीव्रता धीरे-धीरे कम होने लगती है। यह पार्किंसन डिजीज का शुरुआती संकेत हो सकता है। यह मामला असम में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकाश अग्रवाल के क्लिनिक का है। डॉक्टर ने बताया कि कई पार्किंसन मरीजों में हाथ कांपने जैसे लक्षण ही नहीं दिखते, आवाज का बदलना भी एक संकेत है।



अधिकतर लोग ऐसे बदलाव को नजरअंदाज कर देते हैं या बाद में मजाक समझ लेते हैं। डॉक्टर ने बताया कि इंसान की आवाज के टोन, पिच और बोलने के तरीके में शरीर से जुड़ी कई जानकारियां छुपी होती हैं। इससे हार्मोनल गड़बड़ी, कैंसर, डिप्रेशन, एसिड रिफ्लक्स और दूसरी बीमारियों के संकेत मिल सकते हैं। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल आवाज के पैटर्न को समझने के लिए किया जा रहा है। इसे 'वोकल बायोमार्कर' कहा जाता है और आने वाले समय में यह एक बड़ा मेडिकल टूल बन सकता है।

**डिमेंशिया की पहचान में एआई की मदद:** रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई की मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन और बेंगलुरु के सेंटर फॉर ब्रेन रिसर्च मिलकर एआई की हेल्प से डिमेंशिया के शुरुआती लक्षण पहचानने पर काम कर रहे हैं। डॉक्टर यह भी कह रहे हैं कि आवाज के जरिए जांच करना नॉन-इनवेसिव है और महंगे ब्लड टेस्ट की तुलना में सस्ता भी है। ईएनटी एक्सपर्ट एंड लैरिंजोलॉजिस्ट डॉ. राघवी विष्णु प्रसन्ना बताती हैं कि उम्र बढ़ने के साथ अगर कोई व्यक्ति अकेला रहता है और कम बोलता है, तो उसकी वोकल कॉर्ड्स कमजोर हो सकती हैं। जैसे मांसपेशियां इस्तेमाल न करने से कमजोर हो जाती हैं, वैसे ही आवाज भी धीमी हो जाती है। मरीज का पूरा इतिहास सुनकर डॉक्टर कई बार एंडोस्कोपी से पहले ही बीमारी का अंदाजा लगा लेते हैं।

**आवाज में बदलाव के कारण:** एक्सपर्ट मानते हैं कि कम पानी पीने से आवाज बैठ सकती है, गला सूख सकता है और खुरदुरापन आ सकता है। लंबे समय तक आवाज बैठी रहना फेफड़ों की बीमारी या प्रदूषण का संकेत हो सकता है।

## सुविचार

जिंदगी में जिसने समय को मान लिया,
उसने अपने आप को जान लिया।
-अज्ञात

## निशाना

### काली रात सुनहरी बहुत थीं..!



पंकज दमाड़े

रात बेशक गहरी बहुत थी
तेरी याद ठहरी बहुत थी,
मिलतो जाते दो दिल मगर
बात मे तेरी देरी बहुत थी,
तेरे आने की आहट का असर
काली रात सुनहरी बहुत थी,
मै ही क्या करूँ तेरा हो न सका
तू तो यूँ सनम मेरी बहुत थी,
दिल के फैसले दिल ने किये
वैसे यूँ ये कचहरी बहुत थी।।

टेक्नो अपडेट

# तारा लाइटब्रिज इंटरनेट, एलन मस्क के स्टारलिंक और जियो-एयरटेल के ब्रॉडबैंड से सस्ता व फास्ट

मोबाइल इंटरनेट के अलावा इंटरनेट के दो मुख्य माध्यमों को ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। पहला है- फाइबर ब्रॉडबैंड इंटरनेट और दूसरा- सैटेलाइट इंटरनेट। लेकिन अब एक और कंपनी ने हलचल मचा दी है। इसका नाम 'तारा' है। कुछ वक्त पहले तक तारा, गूगल की अल्फाबेट का हिस्सा हुआ करती थी और अब अलग हो गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, तारा, लेजर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके फास्ट और सस्ता इंटरनेट देने का वादा कर रही है। कंपनी ने प्रकाश की किरणों से चलने वाला इंटरनेट सिस्टम बनाया है, जिसे वह लाइटब्रिज कहती है। यह एलन मस्क के स्टारलिंक और जियो-एयरटेल जैसे फाइबर ब्रॉडबैंड से भी सस्ता और फास्ट हो सकता है।



फ्यूचुरा की रिपोर्ट के अनुसार, तारा ने जो नेटवर्क बनाया है, उसमें प्रकाश की किरणों की मदद से डेटा को ट्रांसमिट किया जाता है। इस दौरान जो नेटवर्क तैयार होता है, उसे लाइटब्रिज कहते हैं। दावा है कि लाइटब्रिज की मदद से 20 किलोमीटर तक डेटा पहुंचाया जा सकता है। इसकी स्पीड 20त्वक्कप्रति सेकंड है। तारा अपने नेटवर्क को जोड़ने के लिए ट्रैफिक लाइट जितनी बड़ी डिवाइस का इस्तेमाल करती है। इन्हें छतों या खंभों पर लगाया जा सकता है। इंस्टॉलेशन के वक्त यह ध्यान देना होता है कि डिवाइस के सामने कोई ऑब्जेक्ट ना आए, क्योंकि उस पर लाइट पड़ना जरूरी है। हालांकि यह आइडिया पहले से मौजूद है लेकिन अबतक बहुत सफल नहीं हुआ। तारा ने टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके अपनी डिवाइसेज को हाइटेक बनाया है और उन्हें स्मार्ट तरीके से काम करने के लिए विकसित किया है।

**इस इंटरनेट का फायदा कहां?:** तारा जिस नेटवर्क को तैयार कर रही है, उसे नदी वाले इलाकों, घाटियों और दूर दराज के उन इलाकों में इंटरनेट पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जहां आजतक कोई कनेक्टिविटी नहीं पहुंची है। तारा जब अल्फाबेट के साथ थी, तभी उसने अपने सिस्टम को टेस्ट करना शुरू कर दिया था। उसने अफ्रीका के कांगो की राजधानी में इस तकनीक को इस्तेमाल किया। फिर केन्या के नैरोबी में अपनी डिवाइस लगाई। अमेरिका के कैलिफोर्निया के एक हिस्से में भी कनेक्शन दिए।

**तारा के प्रयोग हुए सफल:** रिपोर्ट के अनुसार, तारा का कहना है कि उसके प्रयोग सफल हुए हैं। उसका सिस्टम तेज से स्टेबल इंटरनेट देने में सक्षम है। यह उन इलाकों के लिए फायदेमंद है, जहां केबल इंटरनेट लगाने में अधिक खर्च आएगा। कंपनी के सीईओ महेश कृष्णास्वामी के अनुसार, उनकी कंपनी स्टारलिंक के एक नॉर्मल एंटीना के मुकाबले 100 गुना तक फास्ट और कम कीमत पर इंटरनेट दे सकती है।

यूजर्स गाइड

# बैंक खाते को सुरक्षित रखने के लिए अपने आधार कार्ड को लॉक करें, ठगी से बचेंगे

**आधार** कार्ड आज एक बड़ी जरूरत बन गया है। नया सिम कार्ड लेने से लेकर जमीन खरीदने तक में इसकी जरूरत होती है। यही नहीं, लोन लेने, कंपनी खोलने, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने आदि में आधार कार्ड बेहद जरूरी डॉक्यूमेंट है। आज आधार कार्ड को पैन कार्ड से भी लिंक करना जरूरी हो गया है। वहीं दूसरी ओर आधार कार्ड से इस समय फ्रॉड के भी काफी मामले बढ़ गए हैं। आधार कार्ड के जरिए साइबर ठगी भी काफी हो रही है। आपके साथ कोई ठगी न हो, इससे बचने के लिए इसे लॉक रखना काफी जरूरी है।



इन दिनों ऐसे मामले काफी आ रहे हैं जिनमें लोग शिकायत करते हैं कि उनके बैंक अकाउंट से पैसे चोरी कर लिए गए। जबकि उन्होंने कोई ट्रांजेक्शन भी नहीं किया था। इस ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का उनके पास न तो कोई ओटीपी आया और न ही कोई कॉल। पता भी तब चलता है, जब बैंक स्टेटमेंट चेक किया जाता है। ऐसे फ्रॉड में स्कैमर्स आधार कार्ड की मदद से लोगों का अकाउंट खाली कर रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने आधार को सुरक्षित रखें ताकि स्कैमर आपके आधार कार्ड तक पहुंच न बना पाएं और आपका पैसा बैंक अकाउंट में सुरक्षित रहे।

**कैसे होती है धोखाधड़ी:** आधार कार्ड भारत सरकार की ओर से जारी किया जाता है। यह 12 अंकों का एक यूनिक पहचान नंबर है। इसमें व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी (नाम, पता, जन्मतिथि) और बायोमेट्रिक जानकारी (फिंगरप्रिंट, आइरिस स्कैन यानी आंखों की स्कैनिंग और चेहरे का फोटो) होती है। ज्यादातर ठगी बायोमेट्रिक जानकारी चुराकर की जाती है। ये ठग आधार सेवा केंद्र से जुड़े होते हैं या यहां तक इनकी पहुंच होती है। वहां ये शख्स की फिंगरप्रिंट और आंखों की जानकारी चुरा लेते हैं। इसके बाद वे उस शख्स के बैंक अकाउंट से पैसे उड़ा देते हैं।

**कैसे रखें आधार कार्ड को सेफ?:** आधार कार्ड को सेफ रखने के लिए इसे लॉक रखना बेहद जरूरी है। UIDAI के बायोमैट्रिक लॉकिंग फीचर की हेल्प से आप इसे ठगों की पहुंच से दूर रख सकते हैं। जब आप इस डिजिटल लॉक को एक्टिव या इस फीचर को ऑन करते हैं, तो आपकी बायोमेट्रिक जानकारी जैसे कि फिंगरप्रिंट, आइरिस स्कैन और चेहरे का डेटा पूरी तरह से सुरक्षित हो जाता है। इसके बाद जब तक आप नहीं चाहेंगे कोई भी इस डेटा का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। आधार कार्ड लॉक करके ना केवल इसके डेटा की सुरक्षा बढ़ती है बल्कि आपके नाम से जारी एक सरकारी डॉक्यूमेंट का गलत इस्तेमाल भी नहीं हो पाता।

## न्यूज विंडो

### इटारसी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई



**इटारसी।** नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पुराने बस स्टैंड स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया तथा जय हिन्द और सुभाष चंद्र बोस अमर रहें के नारे लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन देशभक्ति, त्याग और साहस की मिसाल है। उन्होंने युवाओं से नेताजी के विचारों को आत्मसात कर देश सेवा में आगे आने का आह्वान किया। वहीं मीडिया प्रभारी चंदू दुबे ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आज़ादी की लड़ाई में जो योगदान दिया है, उसे देश कभी भुला नहीं सकता। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रामशंकर सोनकर, मंडलम अध्यक्ष सोनू बकोरिया, अनूप गाचले, देवी मालवीय, अर्जुन कुचबदिया कृष्णा चौधरी, राजेंद्र गोस्वामी, मनीष सोनी, फारुख शेख, गुंटू वर्मा, मुकेश चौधरी, पिंकी शर्मा, अमित परदेशी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाई वसंत पंचमी एवं नेताजी की जयंती



**सिरोंज।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेंभारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत माँ सरस्वती का प्राकट्योत्सव वसन्त पंचमी एवं भारतीय स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ के द्वारा माँ सरस्वती एवं सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्र'वलन के साथ हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात् डॉ. अभिषेक चौहान के द्वारा वसन्त पंचमी के सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि वसंत पंचमी का उत्सव भारतीय संस्कृति में अध्ययन तथा कला के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आज के ही दिन छोटे ब'चों का विद्यारंभ संस्कार कर उन्हें अक्षर-ज्ञान कराया जाता है। वसन्त के आगमन पर प्रकृति में भी कुछ परिवर्तन होते हैं जो व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा तथा उमंग का संचार करते हैं। इस ऋतु में मानव के कुछ हार्मोंस में रासायनिक परिवर्तन होते हैं जिनकी प्रतिक्रिया स्वरूप आनन्द का अनुभव होता है अतः वसन्त पंचमी वैज्ञानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। इसके पश्चात् प्रो. अनामिका ठाकुर ने कहा कि देवी सरस्वती मानव को आज्ञान से मुक्त कर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है तथा उसमें चेतना का संचार करती हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कल्पना पंचोली ने बताया कि पौराणिक मान्यता अनुसार ब्रह्मा जी के मानस से ज्ञान एवं कला की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का प्राकट्य हुआ है जो की सर्वप्रमुख तीन देवियों (सरस्वती दुर्गा तथा लक्ष्मी) में अग्रगण्य हैं।

### शिवसेना कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में मरीजों को वितरित किए फल



**गंजबासौदा।** शिवसेना के कार्यकर्ताओं शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की जन्म जयंती पर शासकीय अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों को खिचड़ी-बिस्किट वितरित कर जन्म जयंती मनाई। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित शिवसेना जिला अध्यक्ष विजेंद्र देवा लोधी, जिला मंत्री जितेंद्र कुशवाहा ,मनीष कुर्मी पंचपीर, नारायण कुशवाहा, राहुल लोधी, अनिकेत राजपूत, सचिन महाराज, राहुल नाथ, रोहित यादव, रामबाबू विश्वकर्मा सहित सैकड़ों शिवसैनिक साथी उपस्थित रहे।

### वसंत पंचमी के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों को बांटे गए स्वेटर



**गंजबासौदा।** वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला भाटनी में विद्यार्थियों को स्वेटर एवं ओलंपियाड परीक्षा, और विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता करने पर प्रमाण पत्र एवं ट्राफी वितरित की गईं। जिसमें संकुल प्राचार्य सुनील साहू, सीएससी अजय सक्सेना एवं महेंद्र सिंह रघुवंशी सहित शिक्षकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने संस्था प्रभारी सुनीता पंथी का इस कार्य हेतु उत्साह वर्धन किया एवं सभी शिक्षकों से इनका अनुकरण करने कि बात कही इस अवसर पर सर्वोदय हॉस्पिटल से डॉ सिकंदर पंथी, शिवमंगल शाक्य, डॉ शैलेन्द्र रघुवंशी बरेठ सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए एवं इस अवसर पर छात्रों के प्रति शिक्षकों का स्नेह पर अपने विचार व्यक्त किये एवं छात्रों को शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं अपनी पढ़ाई के प्रति हमेशा सजग रहने की बात कही।

### अफवाह से प्रशासन की मुश्किलें बढ़ीं

**कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में लाडली बहना योजना को लेकर फैली एक अफवाह ने प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बता दें कि बीते चार दिनों से कलेक्ट्रेट कार्यालय में महिलाओं का तांता लगा हुआ है। दूर-दराज के गांवों और शहर के कोनों से बड़ी संख्या में महिलाएं इस उम्मीद में पहुंच रही हैं कि योजना के नए फॉर्म भरे जा रहे हैं या फिर मिलने वाली राशि बढ़ाई जा रही है। शुक्रवार को भी करीब 500 से ज्यादा महिलाएं अपने आवेदन लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं। प्रशासन ने महिलाओं से आग्रह किया है कि वे किसी के भी बहकावे में न आएं। सरकार की ओर से नए फॉर्म भरने का कोई आधिकारिक आदेश नहीं आया है।

#### पामाखेड़ी तिराहे के पास किराना दुकान पर चोरी की वारदात, पड़ताल जारी

# काजू, बादाम और किराना सामान के साथ सीसीटीवी की डीवीआर खोलकर ले गए चोर

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**



सिरोंज-गुना हाइवे पर पामाखेड़ी तिराहे के समीप किराना दुकान पर गुरूवार-शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। हाइवे के समीप ही राजकुमार साहू की भविष्य किराना के नाम से किराना दुकान है। शुक्रवार सुबह जब उन्होंने दुकान खोली तो सामन बिखरा हुआ मिला। पीछे नजर दौड़ाई तो दीवार में बड़ा सा होल दिखाई दिया। दुकान की दीवार में 1 वाय 2 फीट का छेद कर अज्ञात चोर लाखों रूपए का सामान चुरा कर ले गए थे। उन्होंने जब सामान देखा तो और ज्यादा हैरान हुए। चोरों ने काजू, बादाम, लौंग, इलायची, सुपारी जैसे महंगे सामान के साथ ही गुटखा, सिगरेट, परफयूम, और कास्मेटिक सामग्री पर हाथ साफ किया था। जब उन्होंने सीसी टीवी कैमरे की तरफ निगाह की तो उसका डीवीआर भी गायब था। चोर उसे भी निकाल कर ले गए थे। उन्होंने बताया कि दुकान में रखे 7-8 हजार रूपए नगद के साथ ही इलेक्ट्रिक तौल कांटा और करीब 15 लाख रूपए का किराना सामान चोरी हुआ है।

चोरों ने पूरे आराम के साथ वारदात को अंजाम दिया। दुकान में घुसने के बाद चोरों ने उन सामानों को देखा जो महंगे थे। इन सभी सामान को भरने के लिए उन्होंने दुकान में ही रखी मेदे और डिस्पोजल की बोरियों को खाली किया। दुकान में पानी की खाली बोतले भी मिली। जिन्हें देखकर ऐसा लग रहा था कि चोरों ने सामान भरने के साथ ही इन बोतलों को खोलकर पानी भी पिया है।

#### दोपहर में आई एफएसएल टीम

मामले की जानकारी लगने के बाद सिरोंज टीआई विमलेश राय भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोपहर में एफएसएल टीम भी दुकान पर पहुंची और फिंगर प्रिंट लिए। टीम के साथ डॉग भी आया था लेकिन वह कहीं नहीं गया।

#### छह महीने पहले भी हुई थी चोरी

भविष्य किराना पर करीब 6 महीने पहले भी चोरी की वारदात हुई थी। उस समय भी चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में ही छेद कर भीतर दुकान के अंदर प्रवेश किया था। दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी लेकिन इसके बाद भी पुलिस चोर को नहीं पकड़ सकी थी। इस बार सीसी टीवी का डीवीआर चोरी हुआ है। इससे ऐसा लग रहा है कि पुरानी चोरी का आरोपी इस चोरी में शामिल हो सकता है।

#### आसपास के कैमरे खंगाल रहे हैं

टीआई विमलेश राय ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से सूत्र जुटा रहे हैं। घटना रात 2 से 3 बजे के आसपास होने की आशंका है। मौके पर एफएसएल टीम भी जांच करने पहुंची थी। आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों से सुत्र जुटा रहे हैं।

### दो ट्रक, डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली को किया जब्त



**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई तेज हो गई है। ग्राम गुर्रा (तहसील इटारसी) से दो ट्रक/डंपर तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरलोड अवैध परिवहन में जब्त कर पुलिस थाना गुर्रा में खड़े किए गए। वहीं, सोहागपुर से एक ट्रैक्टर ट्रॉली को रेत के अवैध परिवहन पर पकड़कर पुलिस थाना सोहागपुर की अभिरक्षा में सुरक्षित किया गया।जिला खनिज अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि ये कार्रवाइयां मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत हो रही हैं। कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी इटारसी नीलेश शर्मा, जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान, नायब तहसीलदार सोहागपुर रंजीत चौहान, प्राथमिक खनिज निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते एवं होमगार्ड बल शामिल रहे।

## डुडवा खापा गांव में देर रात कच्चे घर में लगी भीषण आग, सामान खाक



**मंडला। दोपहर मेट्रो**

जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के डुडवा खापा गांव में देर रात एक कच्चे मकान में भीषण आग लग गई। बताया गया है कि अज्ञात कारणों से लगी इस आग में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था। मकान मालिक बीजाडांडी के कन्या छात्रावास में चपरासी हैं और ड्यूटी पर थे। उनकी पत्नी भी किसी काम से बाहर गई हुई थीं। पड़ोसियों ने घर से धुआं और आग की लपटें देखकर ग्रामीणों को सूचित किया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई।ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन लकड़ी और खपरैल के मकान में आग तेजी से फैल चुकी थी। सूचना मिलने पर बीजाडांडी पुलिस मौके पर पहुंची। निवास और बरेला से दमकल वाहनों को बुलाया गया।जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया है।

#### चौपाल से उठा जनसंघर्ष का स्वर, कांग्रेस ने गांव से जोड़ा संगठन

## मनरेगा और आदिवासी मुद्दों पर उमड़ा जनसैलाब

**इटारसी/नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**



सोहागपुर विधानसभा के ग्राम कामती में आयोजित कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस की राजनीति एक बार फिर मंचों से उतरकर जमीन पर लौट आई है। आज़ादी के बाद के शुरुआती दौर की याद दिलाने वाला यह आयोजन केवल संगठन विस्तार का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि मनरेगा और आदिवासी समुदाय की गंभीर समस्याओं को मुखर रूप से सामने रखने का सशक्त मंच बन गया।

किसान नेता पुष्पराज सिंह पटेल के नेतृत्व में, ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस के समन्वय से ग्राम कांग्रेस इकाई का गठन किया गया। किंतु इस आयोजन का वास्तविक केंद्र बिंदु वह जनसंवाद रहा, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी महिला-पुरुष, युवा और वरिष्ठजन एकत्र होकर अपनी वर्षों से लंबित समस्याएं लेकर पहुंचे। मनरेगा में मजदूरी भुगतान में देरी, कार्य स्वीकृति में अनियमितता, भूमि एवं वनाधिकार से जुड़े विषयों को अत्यंत गंभीरता से रखा गया। सांसद दिग्विजय सिंह की उपस्थिति ने इस जनसभा को विशेष महत्व प्रदान किया। उन्होंने केवल संबोधन तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि ग्रामवासियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना। जनसमस्याओं की गहराई और उपस्थित जनसमूह की संख्या को देखकर स्वयं वरिष्ठ नेता भी यह स्वीकार करते दिखे कि यह कोई सामान्य आयोजन नहीं, बल्कि संगठित जनचेतना का परिणाम है।

इस समूचे आयोजन की सफलता के केंद्र में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे की भूमिका सर्वाधिक प्रभावशाली रूप में सामने आई। उनकी संगठनात्मक दक्षता, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद और गांव-गांव तक मजबूत पकड़ के चलते ही हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय एवं कांग्रेस कार्यकर्ता एक मंच पर एकत्र हो सके। प्रदेश अध्यक्ष हों या राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता—सभी को छोटे-छोटे गांवों तक लाकर जनसमस्याओं से रूबरू कराना उनकी कार्यशैली का परिचायक है। गुड्डन पांडे का नेतृत्व भाषणों की आक्रामकता से नहीं, बल्कि निरंतर क्षेत्रीय सक्रियता, जमीनी संपर्क और विश्वास आधारित संगठन निर्माण से पहचाना जाता है। यही कारण है कि कामती में आयोजित यह कार्यक्रम किसी औपचारिक राजनीतिक आयोजन के बजाय जनसंघर्ष की एक सशक्त अभिव्यक्ति के रूप में उभरकर सामने आया।

## सेमरखेड़ी तीर्थ में वसंतोत्सव की धूम, पहले दिन ब्रम्हचारी वैराग्य भैया बने वैराग्यानंद

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**



शहर से 12 किमी दूर संत तारण-तरण की तपोस्थली सेमरखेड़ी तीर्थ में वसंतोत्सव का उल्लास शुरू हो गया है। चारों तरफ फैली हरियाली के बीच 12 बीघा में फैले मंदिर परिसर की भव्य और मनभावन सजावट की आयोजकों द्वारा की गई है। पहले दिन बाल ब्रम्हचारी संत आत्मानंद के सानिध्य में मेले का ध्वजारोहण हुआ। इसके पहले बाल ब्रम्हचारी वैराग्य भैया ने केशलोचन कर सप्तम ब्रम्हचर्य प्रतिमा दीक्षा भी ली। उन्हें नया नाम वैराग्यानंद भी मिला। वहीं कुम्हारी नगर में रहने वाली दम्पत्ती सचिन तारण और उनकी पत्नी पारूल ने आजीवन ब्रम्हचर्य संकल्प भी लिया। वहीं मुंगवानी निवासी श्वेता दीदी ने अखंड बाल ब्रम्हचर्य का संकल्प लिया। अनेक श्रद्धालु गांव में स्थित गुफा और प्राचीन मामा की हवेली को देखने भी पहुंचे। शनिवार को गांव में स्थित मामा की हवेली से जिनवाणी की पालकी शोभायात्रा और कलशारोहण होगा और अंतिम दिन वेदीसूतन और तिलक महोत्सव का आयोजन होगा। सेमरखेड़ी ट्रस्ट के मंत्री सूर्यकांत तारण ने बताया कि 3 दिवसीय मेले में देश भर में फैले संत के हजारों अनुयायी शामिल करने आए है। उनके ठहरने, नास्ते और भोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था यहां स्थित 300 से अधिक कमरों में हैं। परिसर पूरी तरह डिस्पोसल फ्री है। चाय और पानी के स्टालों पर भी स्टील के बर्तन रखे गए हैं। इस बार सम्पूर्ण व्यवस्था का सौभाग्य कटनी के परिवार को मिला है।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 200 नवयुगलों ने थामा एक-दूसरे का हाथ



**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

स्थानीय कृषि मंडी में मुख्यमंत्री कन्यादान एवं निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस विवाह सम्मेलन में में 200 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। आयोजन में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि यादव,जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर,एसडीएम संतोष बिटोलिया और जनपद सीईओ तपस्या जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं केंदीय कृषि मंत्री ने भी कृषि मंडी पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद दिया।

**मेट्रो एंकर**

#### मां नर्मदा प्रकटोत्सवः नर्मदापुरम में दो दिवसीय आयोजन शुरू, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# मां नर्मदा पर आधारित नृत्य नाटिका की आज देंगे प्रस्तुति

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**



मां नर्मदा प्रकटोत्सव और नगर गौरव दिवस के दो दिवसीय आयोजन सेठानी घाट पर मंगलाचरण एवं भजनार्चना के साथ धूमधाम से शुरू हो गया। सुबह 10 बजे विधायक विजयपाल सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने मां नर्मदा की पूजन-अर्चना एवं आरती की।

मंगलाचरण एवं भजनार्चना एवं आरती का कार्य आचार्य पं पंकज पाठक,पं गोपालप्रसाद खड़डर ने सम्पन्न कराया उनके साथ आरती समिति अध्यक्ष विनोद दुबे मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने दोनों कार्यक्रमों के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की हैं।सेठानी घाट और पूरा शहर दुल्हन की तरह सजाया गया है। इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत रंगोली, चित्रकला और मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। आज सायं 7:30 बजे भोपाल की कलाकार श्वेता शर्मा एवं उनके साथियों द्वारा मां नर्मदा पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी।कल रविवार, 25 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे नित्य आरती समिति एवं प्राचीन श्री नर्मदा मंदिर द्वारा मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। दोपहर 3:30 बजे श्री मां नर्मदा मंदिर से मोरछली चौक होते हुए सेठानी घाट तक भव्य शोभायात्रा निकलेगी। सायं 5-30 बजे धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाई महा अभिषेक का संचालन करेंगे। रात्रि 7-30 बजे भोपाल के लोक कलाकार फूल सिंह माडरे बुंदेली लोक गायन प्रस्तुत करेंगे, जबकि 8: 0 बजे मुंबई की माधवी मधुकर झा भक्ति गायन सुनाएंगी।इस बार श्रद्धालुओं के लिए सबसे खास आकर्षण म्यूजिकल फाउंटेन और लेजर शो होगा, जिसमें मां नर्मदा की गाथा दिखाई जाएगी। मुख्य आयोजन रविवार को होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल मंच से मां नर्मदा का पूजन और अभिषेक करेंगे। वहीं सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन अलर्ट है। आज शाम कलेक्टर, एसपी और सीईओ समेत वरिष्ठ अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इसी समय सर्किट हाउस घाट से जलमंच तक सीएम के आगमन के रूट का बोट के जरिए फाइनल ट्रायल (रिहर्सल) किया जाएगा। नपा अध्यक्ष नीतू यादव ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## न्यूज विंडो

### अमरकंटक में अवैध शराब व्यापार जांच में लापरवाही का पर्दाफाश

**अमरकंटक।** पवित्र नगर में जहां एक ओर जिला प्रशासन नर्मदा जयंती की तैयारी में व्यस्त है, वहीं दूसरी ओर यहां के लगभग एक दर्जन स्थानों पर अवैध अंग्रेजी शराब बेची जा रही है। इस शराब की बोतलों पर स्पष्ट रूप से बैच नंबर और माप (एमआरपी) अंकित हैं, जो इसके असली होने का संकेत देते हैं, लेकिन यह सब अवैध रूप से बेचा जा रहा है। बैच नंबर 10014026000578 और अन्य विवरण के आधार पर यह शराब स्थानीय दुकानों से बेची जा रही है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण इस पर रोक नहीं लग पाई है।



यह स्थिति न केवल कानून के उल्लंघन को उजागर करती है, बल्कि जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर भी खतरे की घंटी है। प्रशासन को तत्काल इस मामले में जांच करनी चाहिए और इस अवैध शराब व्यापार पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि समाज में कोई और असमाजिक गतिविधि न बढ़ सके।

### नपा की अव्यवस्थाओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने एसडीएम से की शिकायत




**सिवनी मालवा।** लंबे समय से चल रही सिवनी मालवा नगर पालिका मैं अव्यवस्थाओं को लेकर समय-समय पर अखबारों की सुर्खियां बनती सिवनी मालवा नगर पालिका चर्चा का विषय बनी रहती है! अब नया मुद्दा अतिक्रमण की आड़ में कर्मचारी बने अधिकारियों ने अपनी अपनी जेब भरने का मामला तूल पकड़ने लगा है! नगर के नागरिकों के हित में नगर पालिका के प्रतिपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता अब आमने-सामने नजर आ रहे हैं। नगर पालिका प्रतिपक्ष के नेता और पार्षद अजय पटेल के नेतृत्व में एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा! ज्ञापन में बताया कि नगर पालिका सिवनी मालवा से संबंधित गंभीर अनियमितताओं एवं एक कर्मचारी द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार के संबंध में तत्काल कार्रवाई कि मांग कि है एसडीएम विजय राय से चर्चा में पटेल ने कहा कि नगर पालिका में विगत कुछ समय से निरंतर अनियमितताएँ, भ्रष्टाचार एवं मनमानी सामने आ रही है !जिससे नगर की आम जनता एवं व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है अभी हाल ही में अतिक्रमण की आड़ में घटित घटनाएँ अत्यंत गंभीर हैं प्रशासन को इस और ध्यान देने की अति आवश्यकता है उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में नगर पालिका कर्मचारी द्वारा अभद्र व्यवहार एवं अवैध वसूली का मामला फूल पकड़ता हुआ नजर आया यहां तक के व्यापारियों ने बाजार बंद तक कर दिया था 21 जनवरी को, नगर पालिका के कर्मचारी हेमंत चौकसे द्वारा नगर की जनता एवं व्यापारी वर्ग के साथ अत्यंत अभद्र,अशोभनीय एवं असंवैधानिक व्यवहार किया गया।संबंधित कर्मचारी द्वारा व्यापारियों से अवैध रूप से वसूली की गई।

### वसंत पंचमी: मां सरस्वती ज्ञान, विद्या और संगीत की अधिष्ठात्री देवी: जैन



**सागर।** वसंत पंचमी के अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने सरस्वती शिशु मंदिर पगारा एवं सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुरा पहुंचकर मां सरस्वती का विधिवत पूजन-अर्चन कर हवन किया। इस अवसर पर विद्यालयों में उपस्थित नन्हे बच्चों ने प्रभु श्रीराम, माता सीता, प्रभु लक्ष्मण एवं प्रभु हनुमान जी महाराज के वेश धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर विधायक जैन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विधायक शैलेंद्र जैन धर्मश्री स्थित संस्कृत विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अध्ययनरत बटुकों के साथ मां सरस्वती का पूजन किया। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान, विद्या और संगीत की अधिष्ठात्री देवी हैं। उनके प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी पर पूजा-अर्चना कर हम सभी अपने जीवन में ज्ञान, संस्कार और सद्बुद्धि की कामना करते हैं। कार्यक्रमों में सरस्वती शिशु मंदिर पगारा के प्राचार्य प्रवीण जोशी, सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुरा के प्राचार्य वीरेंद्र पटेल, संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य ज्वाला प्रसाद रिछारिया सहित तीनों विद्यालयों का स्टाफ, विद्यार्थी एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### शहीद भगत सिंह सुपर-8 क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला 25-26 जनवरी को

**धनपुरी।** देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की स्मृति को नमन करते हुए धनपुरी नगर में शहीद भगत सिंह सुपर-8 क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन यूथ क्रिकेट क्लब धनपुरी के तत्वावधान में यज्ञशाला मैदान में आयोजित हो रहा है, जहां सर्द मौसम में भी क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। खेले गए मुकाबले में पुष्पा इलेवन और सुभास स्टेडियम की टीमें आमने-सामने रहीं। टॉस जीतकर सुभास स्टेडियम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 71 रनों की पारी खेली और पुष्पा इलेवन को 72 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पुष्पा इलेवन की टीम भी 71 रन ही बना सकी, जिसके चलते मुकाबला ड्रॉ हो गया। इसके बाद आयोजन समिति ने खेल भावना को बनाए रखते हुए मुकाबले का निर्णय सुपर ओवर के माध्यम से कराने का फैसला लिया। सुपर ओवर में पुष्पा इलेवन की टीम दबाव में आ गई और सिर्फ 7 रन ही बना सकी। जवाब में सुभास स्टेडियम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। आयोजकों द्वारा दर्शकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए इनामी कूपन योजना भी रखी गई है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21000, उपविजेता टीम को 11000 की की नगद राशि प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले 25 जनवरी तथा फाइनल मुकाबला 26 जनवरी को खेला जाएगा। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संरक्षकों की विशेष भूमिका रही, जिनमें अंकित सिंह, एस.पी. सिंह, दीपक मांझी (लालू भैया), ओमी सिंह, चतुरानंद सिंह, माकड़े सिंह, अनिल भारती, पुनीत पनिका, मिनेश अग्रवाल शामिल हैं। वहीं आयोजन को सफल बनाने में पवन मिश्रा, राज, आकाश दास, राणा, शिखर, अभिनव, राहुल सहित सभी साथियों का सराहनीय सहयोग रहा। यह प्रतियोगिता न केवल खेल का मंच है, बल्कि अमर शहीद भगत सिंह के विचारों, साहस, त्याग और देशभक्तिको युवाओं तक पहुंचाने का भी सशक्त माध्यम है।




तेन्दूखेड़ा नगर के वार्ड एक की घटना, परिजन बोले-पिछले पांच साल से थी बीमार

# तीन माह के नवजात बच्चे और महिला का शव कुएं से निकाला, पुलिस कर रही जांच

**तेन्दूखेड़ा/दमोह। दोपहर मेट्रो**

तेन्दूखेड़ा नगर में एक बार फिर दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है जहां एक महिला ने अपने तीन माह के बेटे के साथ कुए में कूदकद आत्महत्या कर ली है। 20 दिन पहले ही पति-पत्नी ने अपनी 18 माह की बेटी के साथ घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। यह नगर में दूसरी घटना है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर शवों को कुएं से बाहर निकाला गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार नगर के वार्ड 1 में नगर परिषद के कुए शनिवार की सुबह एक महिला और उसके तीन माह के बेटे का शव बरामद किया गया है महिला अपने भाई की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तेन्दूखेड़ा के केवट मोहल्ला आई हुई थी परिजनों ने बताया कि महिला बीमार थी।

मृतका की पहचान झरौली गांव निवासी 35 वर्षीय जयंती पति दुर्गा केवट और उसके तीन माह के बेटे देवांश के रूप में हुई। मृतक की दादी सिया रानी ने पुष्टि की कि वह अपने भाई की तेरहवीं में शामिल होने आई थी जयंती केवट आज रात 2बजे घर से लापता हो गई थी, जहां परिजनों ने गांव बस्ती में रहने वाले समाज के रिश्तेदारों से खोज-खबर ली लेकिन कोई पता नहीं चला सुबह 6 बजे घटना की सूचना लोगों द्वारा दी गई घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी अर्चना अहीर थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी रवि सेन आरक्षक विशाल बेन नीरज नामदेव सहित नगर परिषद का स्टाफ मौके पर पहुंचा और शवों को कुएं से बाहर निकाला गया और पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना का कारण अभी अज्ञात है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। मृतका का पति एक मजदूर है। जानकारी के अनुसार, महिला पिछले पांच साल से बीमार थी और उसके दो बच्चों की पहले भी मौत हो चुकी है।



#### झरौली में सुसराल तेन्दूखेड़ा का मायका

मृतक महिला तेन्दूखेड़ा के वार्ड 1 की निवासी हैं और और उसकी शादी 10 साल पहले मुख्यालय के झरौली गांव में हुई थी तेरहवीं कार्यक्रम के बाद वह अपनी ननद के घर आई थी और एक दो दिन रुकना चाहती थी वहीं उसके पति ने बताया कि हम लोग 7 महीने से बैलढाना गांव में रहते हैं क्योंकि झरौली गांव में घर बन रहा था जिसका काम अभी अधूरा पड़ा है मेरा एक मकान बैलढाना गांव में भी है। वहीं अब नगर में चारों ओर एक ही बात चल रही है कि तेन्दूखेड़ा ये यह क्या चल रहा है क्योंकि जिस स्थान पर आज जो घटना हुई है वह भी वार्ड क्रमांक 1 है जहां बीते 15 दिन पहले एक ही परिवार के तीन लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है लोगों द्वारा बताया जा रहा है वो भी उनके रिश्तेदार थे जिन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी और आज यह घटना घटित हो गई चारों ओर भय का माहौल बना हुआ है पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग का अपहरण करने वाला गिरफ्तार




**सागर। दोपहर मेट्रो**

शादी का झांसा देकर नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाले फरार आरोपी को थाना मोतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 16 जनवरी को फरियादिया ने थाना मोतीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री मोहल्ले में दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली थी, जो देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारों में तलाश की गई, किंतु कोई सुराग नहीं मिला। रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान अपहृत नाबालिग को दस्तयाब कर कथन दर्ज किए गए। कथनों के आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपी की लगातार तलाश की गई। विश्वसनीय सूचना के आधार पर प्रमोद पिता चंदन अहिरवार, उम्र 21 वर्ष, निवासी संत रविदास वार्ड, सागर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। कार्रवाई में निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी,उप निरीक्षक सत्यमामा मिश्रा,सहायक उप निरीक्षक माधव सिंह, महिला प्रधान आरक्षक कविता, आरक्षक अभिषेक गौतम का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

### बुढ़ार में सक्रिय हुए पशु तस्कर

**बुढार/शहडोल। दोपहर मेट्रो**

बुढार/शहडोल। जिले में सक्रिय पशु तस्करों का नेटवर्क एक बार फिर कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनता नजर आया है। बीती रात बुढार थाना क्षेत्र में रवि सिंह की गाड़ी पर पथराव की घटना सामने आई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। इस मामले में मोहित सिंह परिहार के खिलाफ रंगदारी, गाली-गलौज और हमला करने का प्रकरण बुढार थाने में दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी द्वारा पहले रंगदारी की दिखाते हुए कार में ठोकर मारा गया। विरोध करने पर आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए रवि सिंह की कार पर पत्थर से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में वाहन को नुकसान पहुँचा, हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पीड़ित रवि सिंह ने तत्काल बुढार थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान खंगाल रही है। इस घटना के बाद एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं कि शहडोल-अनूपपुर जिले में पशु तस्करों के खिलाफ आखिर सख्ती क्यों नहीं हो पा रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस इन तस्करों की हिस्ट्रीशीट निकाल कर देख ले।

जिला चिकित्सालय में आयोजित निःशुल्क कृत्रिम हाथ शिविर

# जिनको कृत्रिम हाथ मिले उनके चेहरों पर आई मुस्कान एवं जीवन जीने की नई उम्मीद जागी

**सागर। दोपहर मेट्रो**

जिला चिकित्सालय परिसर जिला सागर में शिविर में स्वास्थ्य विभाग एवं इनाली फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क कृत्रिम हाथ शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में जिले के सभी विकासखंडों से पूर्व से चिन्हित हितग्राही आए। शिविर का शुभारंभ कलेक्टर संदीप जी आर एवं क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. नीना गिडियन के मार्गदर्शन में किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी ने बताया कि इनाली फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले में दो दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम हाथ वितरण शिविर का आयोजन किया गया. जिले के सभी विकासखंडों से हितग्राही आए जिसमें 48 हितग्राहियों ने कृत्रिम हाथ लगवाया , सी एम एच ओ सागर ने बताया कि विगत एक माह से त्रस्वस्थ्य की जिला शीघ्र हस्तक्षेप मैनेजर सुरभि साहू एवं उनकी टीम के विशेष प्रयासों से सभी हितग्राहियों को चिन्हांकित कर शिविर में कृत्रिम हाथ का लाभ हितग्राहियों को दिलाया गया।

राज्य स्तर से आए स्टेट कंसल्टेंट डॉ. शैलेश शर्मा ने बताया जिन लोगों को कृत्रिम हाथ दिए उनके चेहरों पर खुशी की मुस्कान एवं जीवन जीने की नई उम्मीद जागी. राहतगढ़ विकासखंड के 10वी कक्षा का एक छात्र देव यादव जिसका दुर्घटना में उसने अपना हाथ खो दिया था अब कृत्रिम हाथ मिलने से वह अपनी पढ़ाई लिखाई आसानी से कर पाएगा

सिविल सर्जन सागर डॉ. आर एस जयंत ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में 102 चिन्हित हितग्राहियों में से 95 हितग्राहियों ने कृत्रिम हाथ का लाभ लिया। शिविर की प्रभारी सुरभि साहू ने बताया कि सागर की सी एम एच ओ डॉ ममता तिमोरी के नेतृत्व में जिले की जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र की पूरी टीम ने एवं शहरी और विकासखंड की टीम ने टीम वर्क के माध्यम से काम करके शिविर को सफल बनाया और कैंप के दूसरे दिन कुल 48 हितग्राहियों को कृत्रिम हाथ का लाभ दिलाया।



## उज्ज्वला योजना 3.0 के गैस कनेक्शन में लापरवाही पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की, जारी किए नोटिस

**बालाघाट। दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन न देने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। अपर कलेक्टर कोर्ट ने इस लापरवाही को लेकर तेल कंपनियों के अफसरों और कई गैस एजेंसी संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अपर कलेक्टर कोर्ट ने इंडियन ऑयल और एचपीसीएल के एरिया सेल्स ऑफिसरों के साथ-साथ कटंगी, वारासिवनी और खैरलांजी क्षेत्र की गैस एजेंसियों को नोटिस दिए हैं। इनमें रतनशीला इंडेन गैस एजेंसी, मां इंडेन गैस एजेंसी, श्री मां इंडेन गैस एजेंसी, श्रीमाता एचपी ग्रामीण वितरक और हरीश होम बीपीसीएल गैस एजेंसी के संचालक और प्रबंधक शामिल हैं। इन सभी को कोर्ट में उपस्थित होकर लिखित जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।




### डिंडौरी में उपसरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग,एसडीएम से मिलने पहुंचे



**डिंडौरी। दोपहर मेट्रो**

डिंडौरी शहपुरा जनपद पंचायत की संग्रामपुर ग्राम पंचायत में उपसरपंच हीरा लाल झरिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग को लेकर सरपंच नान सिंह मार्को पंचों के साथ एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा से मिलने पहुंचे। उपसरपंच पर विकास कार्यों में बाधा डालने का आरोप है, जबकि उपसरपंच ने इसे भ्रष्टाचार रोकने की कोशिश बताया। सरपंच नान सिंह मार्को ने बताया कि गांव में 15वें और 5वें वित्त की राशि से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उपसरपंच इन कार्यों में लगातार अड़ंगा डाल रहे हैं और पंचों को गुमराह करते हैं। वे अधिकारियों के पास जाकर झूठी शिकायतें भी करते हैं। मार्को के अनुसार, इसी कारण 14 पंचों ने गांव के विकास कार्यों के समर्थन में उपसरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग की है। उनका कहना है कि उपसरपंच की वजह से विकास कार्य बाधित हो रहे हैं।

**मेट्रो एंकर**

शासकीय विद्यालय में 172 विद्यार्थियों को दी साइकिलें

# नई शिक्षा नीति 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने वाली है: लारिया

**सागर। दोपहर मेट्रो**

सरकार की महत्वाकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना ने नरयावली विधानसभा क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने दो अलग-अलग समारोहों में 172 विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कर उनके स्कूल आने-जाने के सफर को आसान बना दिया।

योजना के तहत, शासकीय माध्यमिक शाला गढ़ौली (विकासखंड सागर) में 24 और सांदीपनि विद्यालय नरयावली (विकासखंड राहतगढ़) में 148 विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की गईं। साइकिल पाकर विद्यार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उनके चेहरे खिल उठे। सांदीपनि विद्यालय नरयावली में आयोजित मुख्य समारोह में विधायक लारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति इक्कीसवीं सदी की जरूरतों को पूरा करने वाली है और देश के शैक्षिक परिदृश्य में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। विधायक ने सरकार के शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुति देते हुए कहा कि यह सरकार शिक्षा के समग्र विकास के लिए प्राणपण से समर्पित है।

लारिया ने कहा कि शासकीय स्कूल अब केवल पढ़ाई के केंद्र नहीं रह गए हैं, बल्कि यहां विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं के लाभ के साथ-साथ अच्छे संस्कार, खेलकूद की सुविधाएं, कैरियर मार्गदर्शन और समय पर छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है, ताकि ग्रामीण और निर्धन तबके का कोई भी बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने इस योजना को विद्यार्थियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जिससे विशेषकर दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। कार्यक्रम में गुलाब सिंह राजपूत,चैन सिंह, अरविंद घोसी, सोहन लोधी, कार्यकर्ता -पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ, अभिभावक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की कमाई और टूरिज्म पर पड़ेगा असर

# बांग्लादेश के टी20 वर्ल्ड कप बायकॉट से भारत को भी नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने साफ कर दिया है कि वह आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजेगा। बीसीबी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से अनुरोध किया था कि उसकी टीम के मैचों को भारत से हटाकर श्रीलंका में कराया जाए क्योंकि उसे भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंता है। हालांकि, आईसीसी ने वर्ल्ड कप के शेड्यूल में किसी भी तरह के बदलाव से इनकार कर दिया।

इसके बाद बांग्लादेश ने सख्त रुख अपनाते हुए भारत आने से मना कर दिया।। ऐसे में अब यह लगभग तय माना जा रहा है कि बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया जाएगा।टी20 वर्ल्ड कप से बाहर रहने का सबसे बड़ा नुकसान बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर बांग्लादेश वर्ल्ड कप में नहीं खेलता है तो उसे करीब 27 मिलियन डॉलर (लगभग240 करोड़) का नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसमें ब्रॉडकास्टिंग रेवेन्यू, स्पॉन्सरशिप, सालाना क्रिकेट आय शामिल हैं। रिपोट्र्स का दावा है कि यह नुकसान बीसीबी की सालाना कमाई का लगभग 60 प्रतिशत हो सकता है। बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने खिलाड़ियों संग बैठक के बाद कहा कि आसीसी की सुरक्षा रिपोर्ट उन्हें स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, हम इस बात से संतुष्ट नहीं हैं कि भारत में हमारे खिलाड़ियों, पत्रकारों और दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। यह फैसला सरकार का है और नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि बांग्लादेश अभी उम्मीद नहीं छोड़ रहा है और चाहता है कि आईसीसी न्याय करते हुए उसकी टीम को श्रीलंका में खेलने की अनुमति दे।



### भारत को कितना नुकसान होगा?

वैसे बांग्लादेश के इस बायकॉट से भारत को नुकसान सीमित ही होगा। भारत और बांग्लादेश पड़ोसी देश हैं और क्रिकेट को लेकर यहां जबरदस्त दीवानगी है। बांग्लादेशी फैन्स बड़ी संख्या में भारत आकर मैचों के टिकट खरीदते हैं। बांग्लादेश के ना खेलने से टिकट रेवेन्यू में कमी आएगी। टिकट बिक्री से प्राप्त राजस्व भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड क जेब में जाना था। यानी बीसीसीआई की कमाई में कुछ असर देखने को मिलेगा। बांग्लादेश के 4 में से 3 मैच कोलकाता और 1 मैच मुंबई में निर्धारित हैं। ढाका से इन शहरों के लिए सीधी फ्लाइट्स हैं। अनुमान है कि सिर्फ कोलकाता को ही 30-60 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। पहले पाकिस्तान और अब बांग्लादेश के भारत में खेलने से इनकार करने के बाद भारत की वैश्विक छवि पर भी सवाल उठ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह नैरेटिव बन सकता है कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ सख्ती बरत रहा है, जिससे सिक्योरिटी को लेकर भी उंगली उठेगी।

### श्रीलंका ने ही बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी से किया इनकार

आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बीच विवाद अब तूल पकड़ चुका है। जहां बांग्लादेश ने भारत में आगामी टी20 विश्व कप के मुकाबले खेलने से इनकार कर दिया, वहीं आईसीसी अब उन्हें टूर्नामेंट से बाहर करने और स्कॉटलैंड को शामिल करने की तैयारी में है। यह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के लिए बड़ा झटका होगा और उन्हें इसकी सजा भी झेलनी पड़ सकती है। हालांकि, इस पूरे विवाद में चौंकाने वाली बात तो यह है कि जिस श्रीलंका में बांग्लादेश अपने मैच को ट्रांसफर करने की मांग कर रहा था, उसी ने उनके मैचों की मेजबानी करने से मना कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की इस हठ का खामियाजा उनके खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है, जो विश्व कप की तैयारी में जुटे थे और कहीं भी खेलने को तैयार थे। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग थी कि भारत में उसके खिलाड़ियों को खतरा है और उसके मैचों को भारत नहीं, बल्कि श्रीलंका आयोजित करे। बांग्लादेश को ग्रुप स्टेज में चार मैच भारत में खेलने थे। बांग्लादेश के तीन मैच कोलकाता में और एक मैच मुंबई में होना था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग थी कि उसे ग्रुप-बी से निकालकर ग्रुप-सी में किया जाए और आयरलैंड को ग्रुप सी से निकाल कर ग्रुप-बी में कर दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि आयरलैंड को अपने सारे मैच श्रीलंका में खेलने थे। हालांकि, आईसीसी इसके लिए तैयार नहीं हुआ।

### रायपुर टी20 में टीम इंडिया ने फोड़े कई रिकॉर्ड्स

# कप्तान सूर्यकुमार की चली आंधी, ईशान किशन भी न्यूजीलैंड के बॉलरों पर बरसे...

**रायपुर, एजेंसी**

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रायपुर टी20 मुकाबले में 7 विकेट से जीत हासिल की। 23 जनवरी (शुक्रवार) को हुए इस मुकाबले में भारत के सामने जीत के लिए 209 रनों का टारगेट सेट किया गया था, जिसे उसने 15।2 ओवरों में ही हासिल कर लिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन भारतीय टीम की जीत के स्टार रहे। सूर्यकुमार ने फॉर्म में वापसी करते हुए 37 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और चार छक्के शामिल रहे। वहीं ईशान ने 11 चौके और छक्के की मदद से 32 गेदों पर 76 रनों का योगदान दिया।

भारत ने इस मुकाबले को जीत कर ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली। टीम इंडिया ने 2 विकेट पर 6 रनों की नाजुक स्थिति से उबरते हुए 209 रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। यह किसी फुल मेम्बर (स्नरू) टीम की तरफ से 6 या उससे कम रनों पर 2 विकेट गिरने के बाद किया गया सबसे बड़ा सफल रनचेज रहा। इससे पहले यह रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था, जिसने पाकिस्तान के खिलाफ साल 2023 में रावलपिंडी में 4 रन पर 2 विकेट गिरने के बावजूद 194 रनों का लक्ष्य हासिल किया था।

टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम का ये संयुक्त रूप से सबसे बड़ा सफल रनचेज रहा। इससे पहले भारत ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तन में 209 रनों का टारगेट चेज कर लिया था। भारतीय टीम ने टी20 इंटनेशनल में छठी बार 200 या उससे ज्यादा के टारगेट का सफलतापूर्वक पीछा किया है।





### भारत के लिए सबसे सफल रनचेज (टी20)

209 बनाम न्यूजीलैंड, रायपुर, 2026
209 बनाम ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम, 2023
208 वेस्टइंडीज, हैदराबाद, 2019
207 बनाम श्रीलंका, मोहाली, 2009
204 बनाम न्यूजीलैंड, ऑकलैंड, 2020
202 बनाम ऑस्ट्रेलिया, राजकोट, 2013

200+ टारगेट का सर्वाधिक बार सफलतापूर्वक पीछा
7 (ऑस्ट्रेलिया)
6 (भारत)
5 (साउथ अफ्रीका)
4 (पाकिस्तान)
3 (इंग्लैंड)

भारत ने इस मुकाबले में 28 गेंदें बाकी रहते टारगेट हासिल किया। यह फुल मेम्बर टीम की ओर से 200 या उससे अधिक रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा गेंदें बाकी रहते हुए हासिल की गई जीत रही।

#### 200+ चेज में सबसे अधिक गेंदें बाकी रहते जीत

28 गेंदें (भारत बनाम न्यूजीलैंड, रायपुर 2026) (लक्ष्य: 209)
24 गेंदें पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, ऑकलैंड 2025) (लक्ष्य: 205)
23 गेंदें ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्ट इंडीज, बासेटेरे 2025) (लक्ष्य: 215)
14 गेंदें (साउथ अफ्रीका बनाम वेस्ट इंडीज, जोहानिसबर्ग 2007) (लक्ष्य :206)

इस मैच में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जकारी फाउकेस ने काफी महंगी गेंदबाजी की। फाउलकेस ने अपने 3 ओवरों में 67 रन खर्च कर दिए, जो कि टी20 इंटरनेशनल में किसी भी न्यूजीलैंड गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

### शोएब मलिक से गले मिले इरफान पठान

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच दिखी खेल भावना



**जेद्दा, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट को लेकर जारी तनावपूर्ण माहौल के बीच खेल भावना की एक तस्वीर सऊदी अरब में देखने को मिली। वर्ल्ड क्रिकेट फेस्टिवल में खेले गए स्न2 डबल विकेट मुकाबले के बाद पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शोएब मलिक और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान एक-दूसरे से गले मिलते नजर आए। यह मोमेंट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जेद्दा के किंग अब्दुल अजीज यूनिवर्सिटी में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को हराया। मैच के बाद जारी हाइलाइट वीडियो में दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में हाथ मिलाते, हाई-फाइव करते और मुस्कुराते नजर आए, इसी दौरान शोएब मलिक और इरफान पठान का मिलाप चर्चा का केंद्र बन गया। यह नजारा हालिया भारत-पाक क्रिकेट विवादों के बिल्कुल उलट था।

### एशिया कप में जमकर हुआ था बखेड़ा

यह दृश्य ऐसे समय सामने आया है, जब हाल के महीनों में भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट को लेकर तनाव खुलकर दिखा है। एसीसी मेन्स टी20 एशिया कप 2025 में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कैप्टन सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। यह तनाव ग्रुप स्टेज से लेकर सुपर-4 स्टेज और फाइनल तक देखा गया था। एशिया कप फाइनल में भारतीय खिलाड़ियों ने जीत के बाद एसीसी (एशियन क्रिकेट काउंसिल) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी से लेने से परहेज किया था। इसी तरह महिला वर्ल्ड कप और हॉन्ग कॉन्ग सुपर सिक्सेस जैसे टूर्नामेंट्स में भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हैंडशेक से परहेज किया। तनाव उस समय और बढ़ गया जब भारत ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दूसरे सीजन में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

### द 50 शो में धमाका होना तय

# सपना चौधरी की 7 साल बाद रियलिटी शो में वापसी

**अपकमिंग रियलिटी शो द 50 अपने टेलीकास्ट होने से पहले ही सुर्खियों में बना हुआ है। हर दिन इस शो में शामिल होने वाले कंटेस्टेंट के नाम सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में अब एक और एक्ट्रेस-डांसर का भी नाम सामने आया है। जिसके नाम ने ही सभी को एक्साइटेड कर दिया है। जानिए कौन है ये एक्ट्रेस जो द 50 में आएगी नजर...**



दरअसल हरियाणा की देसी क्वीन के नाम से फेमस सपना चौधरी एक बार फिर रियलिटी शो की दुनिया में तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। बिग बॉस के जरिए घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली सपना अब जियो-हॉटस्टार के आगामी बड़े रियलिटी शो द 50 में नजर आएंगी।

अगर आप रियलिटी शो बिग बॉस के फैन हैं तो आपको पता होगा कि सपना चौधरी को असली पहचान बिग बॉस सीजन 11 से मिली थी। उस शो में उनके बेबाक अंदाज और हरियाणवी स्वैग को दर्शकों ने खूब सराहा था। अब करीब 7 साल बाद सपना फिर से एक ऐसे शो का हिस्सा बनने जा रही हैं, जहाँ वह 49 अन्य फेमस कंटेस्टेंट्स के साथ एक शानदार महल में कैद होंगी। द 50 का फॉर्मेट काफी चुनौतीपूर्ण है, और सपना की एंट्री ने इस शो के मुकाबले को और भी दिलचस्प बना दिया है।

### वीडियो शेयर कर जताई खुशी

इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में सपना चौधरी ने शो को लेकर कहा, आज मैं बहुत यादा खुश हूं. इतनी यादा खुश हूं कि मैं बता भी नहीं सकती. क्योंकि मुझे द लॉयन की तरफ से इनविटेशन आया है. तो आप समझ गए होंगे कि मैं जा रही हूं इंडिया के सबसे बड़े रियलिटी शो द 50 में. जो 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स पर. ये शो देखना मत भूलना. बता दें कि जियो-हॉटस्टार पर आने वाला यह शो फेमस फ्रेंच सीरीज Les Cinquante पर आधारित है. इसमें 50 सेलिब्रिटीज के बीच दिमागी खेल, रणनीतियों और टास्क का मुकाबला होता है. देखना दिलचस्प होगा कि सपना चौधरी इस शो में अपने देसी अंदाज में दिमाग और एक्सपीरियंस का इस्तेमाल कैसे करती दिखेंगी. वहीं

# बार्डर 2 का धुआंधार क्रेज! आधी रात के शोज खुले, हाउसफुल हुए थिएटर्स

सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' रिलीज के साथ ही धमाके करने लगी है। ऑलमोस्ट 30 साल पहले आई 'बॉर्डर' के सीक्वल के लिए लोगों में एक्साइटमेंट तो नजर आ ही रही थी। फिल्म के रिव्यूज पॉजिटिव हैं और सुबह के शोज से जनता का वर्ड ऑफ माउथ भी तगड़ा बिल्ड-अप हुआ है। 'बॉर्डर 2' माहौल तो शुक्रवार सुबह से ही बना रही है। लेकिन शाम होते-होते इसका भौकाल अलग लेवल पर पहुंच गया है।

'बॉर्डर 2' के लिए तगड़ी डिमांड

सनी देओल का आइकॉनिक फौजी अवतार वापस लेकर आई 'बॉर्डर 2' जनता की नई फेवरेट फिल्म बनने लगी है। शुक्रवार दोपहर से ही इसकी डिमांड लगातार बढ़ रही है। शाम होते-होते हाल ये है कि कई दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों में 'बॉर्डर 2' के लिए आधी रात के शोज खुल चुके हैं।



दिल्ली एनसीआर के कई थिएटर्स में 'बॉर्डर 2' का आखिरी शो रात 11 बजकर 30 मिनट और उसके बाद का है। ये लेट नाइट शो फिल्म की तगड़ी डिमांड देखने के बाद जोड़े गए हैं। दिल्ली के आइकॉनिक सिंगल स्क्रीन थिएटर्स में 'बॉर्डर 2' बसंत की असली बहार लेकर आई है। जहां डिलाइट में फिल्म का आखिरी शो एडवांस में ही 85त्न तक भर चुका है। वहीं लिबर्टी में 'बॉर्डर 2' का आखिरी शो हाउसफुल हो चुका है।

90के दौर से 2010 के दशक में आते-आते सनी देओल बड़े पर्दे से कुछ गायब से होने लगे थे। इसकी एक बड़ी वजह मास फिल्मों का घटता क्रेज था। लेकिन तब भी माना जाता था कि छोटे शहरों, कस्बों और दूर-दराज के इलाकों तक जैसी भीड़ सनी जुटा सकते हैं, कोई नहीं जुटा सकता। 'गदर 2' से सनी ने ये बात फिर साबित कर दी थी।



**मेट्रो बाजार**

# अमेजन अगले हफ्ते बड़ी संख्या में कर सकता है कर्मचारियों की छंटनी : रिपोर्ट में हुआ दावा

नई दिल्ली । अमेरिकी ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन अगले हफ्ते 30,000 कर्मचारियों की छंटनी के दूसरे दौर को शुरू कर सकती है। इसकी वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग बढ़ना है। यह जानकारी रिपोट्र्स में दी गई। नए दौर की छंटनी में सबसे ज्यादा अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस), एचआर, अमेजन प्राइम वीडियो और रिटेल सेगमेंट में काम करने वाले कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। इससे पहले अक्टूबर में अमेजन ने 14,000 व्हाइट कॉलर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, जो कि उसके 30,000 कर्मचारियों की छंटनी की योजना का हिस्सा था। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि दूसरे दौर की छंटनी में भी कुछ इतनी ही संख्या में कर्मचारियों को निकाला जा सकता है। कंपनी ने अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ई-कॉमर्स क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी ने एक आंतरिक पत्र में अक्टूबर में हुई छंटनी को एआई सॉफ्टवेयर के बढ़ते उपयोग से जोड़ा था। पत्र के अनुसार, एआई की यह पीढ़ी इंटरनेट के बाद सबसे क्रांतिकारी तकनीक है, और यह कंपनियों को पहले से कहीं अधिक तेजी से इनोवेशन करने में सक्षम बना रही है। हालांकि, बाद में, अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने कंपनी की तीसरी तिमाही की आय घोषणा के दौरान विश्लेषकों को बताया कि यह कटौती वास्तव में वित्तीय कारणों से या एआई-प्रेरित नहीं थी। उन्होंने कहा, यह कल्चर का मामला है।

# इंडिगो संकट के बाद एयरलाइन को लगा बड़ा झटका, शेयरों में चार प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयर शुक्रवार को करीब 4त्न गिर गए। यह गिरावट तब आई जब इंडिगो ने दिसंबर तिमाही में अपने शुद्ध मुनाफे में 78त्न की भारी गिरावट दर्ज की। बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.87त्न गिरकर 4,723.60 रुपये पर बंद हुआ, जबकि एनएसई पर यह 3.79त्न टूटकर 4,722.50 रुपये पर पहुंच गया। इसी दौरान बीएसई सेंसेक्स 46.24 अंक गिरकर 82,261.13 पर और एनएसई निफ्टी 8.20 अंक टूटकर 25,281.70 पर बंद हुआ।



कंपनी ने अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में 549.1 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2,448.8 करोड़ रुपये था। इंडिगो ने बताया कि उड़ानों में भारी व्यवधान और नए श्रम कानूनों के लागू होने से कंपनी को बड़ा झटका लगा।

### उड़ान व्यवधान पैदा करने के लिए इंडिगो पर लगा भारी जुर्माना

तीसरी तिमाही में कंपनी को कुल 1,546.5 करोड़ रुपये का असर पड़ा।


इसमें दिसंबर की शुरुआत में उड़ानों में व्यवधान से 577.2 करोड़ रुपये और नए श्रम कानूनों के कारण 969.3 करोड़ रुपये का नुकसान शामिल है।

इसके अलावा उड़ान व्यवधान के मामले में इंडिगो पर 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

हालांकि, कंपनी की कुल आय बढ़कर 24,540.6 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 22,992.8 करोड़ रुपये थी।

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि दिसंबर की शुरुआत में बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द और देरी से परिचालन पर असर पड़ा।

# आसमानी 'आफत'





## पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, तापमान शून्य से नीचे, बचाव कार्य जारी

# हिमाचल में 535 सड़कें बंद, मनाली-शिमला में लंबा जाम, श्रीनगर एयरपोर्ट पर उड़ानें रद्द

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक पहाड़ों पर जमकर बर्फबारी हो रही है। एक तरफ, पर्यटक इस बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों के लिए परेशानी बढ़ गई है। पहाड़ी इलाकों में दो से तीन फुट तक बर्फ जमने से सभी जरूरी सेवाएं बाधित हो गई हैं।जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में करीब एक फुट बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है, जबकि ऊपरी पहाड़ी इलाकों में लगभग दो से तीन फुट बर्फबारी हुई है। भूस्खलन, पेड़ गिरने और भारी बर्फ जमने की वजह से हाईवे और लिंक रोड समेत सड़कें बंद हैं। कई इलाकों में तापमान शून्य के नीचे पहुंच गया है।भारी बारिश और बर्फबारी के कारण शुक्रवार को जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया और उधमपुर के जखानी चौक पर भी आवाजाही रोक दी गई। बारामूलां, बडगाम और रामबन के पहाड़ी रिसॉर्ट शहर बटोटे में भी काफी बर्फबारी हुई, जिससे पूरा इलाका सफेद चादर से ढका नजर आया। बर्फबारी की वजह से हवाई यात्रा भी बाधित हुई, श्रीनगर एयरपोर्ट और इंडिगो एयरलाइंस ने कई उड़ानों को अस्थायी रूप से सस्पेंड और कैंसिल करने की घोषणा की है।

श्रीनगर एयरपोर्ट के सोशल मीडिया हैंडल से यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें जानकारी दी गई है, 'दिल्ली एयरपोर्ट पर ह्लञ्जरूलागू होने और श्रीनगर में खराब मौसम की वजह से, श्रीनगर एयरपोर्ट से आने-जाने वाली कुछ फ्लाइट्स आज कैंसिल कर दी गई हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि एयरपोर्ट जाने से पहले वे अपनी-अपनी एयरलाइंस से फ्लाइट का लेटेस्ट स्टेटस चेक करें।'

### नैनीताल, उत्तरकाशी और टिहरी गढ़वाल जिलों में गाड़ियां और लोग फंसे

नैनीताल, उत्तरकाशी और टिहरी गढ़वाल जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में कई जगहों पर गाड़ियां और लोग फंस गए। पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के कारण चार नेशनल हाईवे समेत 535 सड़कें बंद हो गई हैं, जबकि बड़े पैमाने पर बर्फ हटाने का काम जारी है।विभाग की तरफ से जानकारी दी गई कि बर्फबारी की वजह से करीब छह करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ष्टष्टक्रनैनीताल और जिला आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों ने तेजी से बचाव कार्य शुरू कर दिया है।रामगढ़-मुक्तेश्वर और धनाचूली बैंड इलाकों में फंसे वाहनों और यात्रियों को बचाया जा रहा है। यहां टीमों ने छ्वष्टक्चमशीन का इस्तेमाल करके सड़क से बर्फ हटाई और लगभग 20 से 25 गाड़ियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## ग्वालियर-चंबल में बादल, बूंदाबांदी...फिर कोहरा: दो दिन तेज ठंड से राहत

**भोपाल।** जनवरी के आखिरी दिनों में प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। रात में कड़ाके की ठंड से राहत मिली है तो दिन में बादल और हल्की बूंदाबांदी वाला मौसम भी है। जबकि आज सुबह कोहरे का असर है। हालांकि, अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज ठंड नहीं पड़ेगी।मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर पाकिस्तान के ऊपर एक लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव है। इससे जुड़ी हुई एक ट्रफ भी है। इस वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना में बादल छाए रहे। कुछ जगहों में बूंदाबांदी भी हुई। वहीं, भोपाल में दोपहर बाद बादल छा गए। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट हुई है। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 12.5 दर्ज किया गया है।

### अमेरिका: 1800 से अधिक उड़ानें रद्द, 15 राज्यों में आपातकाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में बर्फीले तूफान की आहट से करीब 15 करोड़ लोगों में घबराहट की स्थिति है। यह तूफान इतना खतरनाक है कि अमेरिका के 15 राज्यों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। शनिवार सुबह उत्तर पश्चिमी टेक्सास और ओकलाहोमा सिटी में भारी बर्फबारी के साथ तूफान की शुरुआत हो गई है। इस तूफान के असर से अमेरिका के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड, बर्फ, ओले और हिमपात होगा। अमेरिका के राष्ट्रीय मौसम सेवा विभाग ने ओकलाहोमा से लेकर पूर्वोत्तर तक भारी बर्फबारी की भविष्यवाणी की है, जहां सोमवार तक एक फुट से ज्यादा बर्फबारी की आशंका है।तूफान का असर कई दिनों तक रहने की आशंका है, जिससे दैनिक जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बर्फीले तूफान के चलते टेक्सास से लेकर न्यू इंग्लैंड तक 2000 मील से अधिक का क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित होगा।

## न्यूज विंडो

### होमगार्ड वर्दी घोटाले में सीएम धामी ने डीआईजी को किया सस्पेंड



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।प्रकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगार्ड्स के लिए वर्दी सामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। महानिदेशक, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### नहर में पलटा गेहूं और चावल से भरा ट्रक, पानी में समा गई बोरियां



**मुरैना।** मुरैना में चंबल नहर में गेहूं और चावल से भरा एक ट्रक पलटा गया। हादसा देवगढ़ थाना इलाके के शाला चौकी मोड़ पर हुआ। जानकारी के मुताबिक ट्रक पीडीएस दुकानों गेहूं और चावल बोरियां सप्लाई करने के लिए जा रहा था। अन्न की कई बोरियां नहर के पानी में समा गईं। जानकारी के मुताबिक यह मोड़ बहुत खतरनाक हैं और इसके पहले भी यहां कई हादसे हो चुके हैं।

कुछ दिन पहले ही एक मिनी ट्रक इसी जगह पर पलट गया था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पहुंची। अब गेहूं और चावल की बोरियों को नहर और ट्रक से निकालकर किसी दूसरे वाहन से सप्लाई करने की तैयारी की जा रही है। इसके बाद यहां से ट्रक को हटाया जाएगा। हादसे में ट्रक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

## थरूर हैं कि मानते नहीं! सांसद के खिलाफ कांग्रेस एक्शन लेने में कर रही परहेज



**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पार्टी के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर की नाराजगी की खबर सामने आई है। राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस की अहम बैठक होने वाली थी। खास बात रही कि शशि थरूर पार्टी की इस अहम बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे पहले खबर थी कि वह वर्चुअली मीटिंग में शामिल होंगे। हालांकि, अंतिम समय में थरूर बैठक में शामिल नहीं हो पाए। इस साल मार्च-अप्रैल महीने में केरल में विधानसभा चुनाव संभावित है।

यह पहली बार नहीं है कि थरूर पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक से नदारद रहे हैं। थरूर को लेकर पार्टी के अलग-अलग नेता और प्रवक्ता कई बार कटाक्ष कर चुके हैं। हाल ही में पूर्वी दिल्ली से सांसद रह चुके संदीप दीक्षित ने एक बार फिर थरूर पर सीधा हमला किया।

जानकारों का मानना है कि पार्टी ने थरूर के मुद्दे पर अभी तक किसी भी तरह की सख्ती दिखाने से परहेज किया है। ऐसे में राज्य में चुनाव को देखते हुए पार्टी किसी तरह की बड़ी कार्रवाई करने से बचना चाहेगी। पार्टी चुनाव से पहले बीजेपी को किसी भी तरह का मुद्दा नहीं देना चाहती है। ऐसे में पार्टी आलाकमान का मुख्य फोकस पार्टी से थरूर की नाराजगी को दूर कर एकजुटता दिखाते हुए विधानसभा चुनाव में उतरना होगा।

### तिब्बत में सुबह-सुबह भूकंप से कांपी धरती

**तिब्बत।** तिब्बत में सुबह-सुबह भूकंप की वजह से धरती कांपी है। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.0 मापी गई है। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इससे पहले मणिपुर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। यहां रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई थी। इसका केंद्र कामजोंग, मणिपुर में था। गौरतलब है कि उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में ज्यादा खतरनाक होते हैं। इसका एक कारण ये है कि उथले भूकंपों से उत्पन्न भूकंपीय तरंगों को सतह तक पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ती है, जिसके परिणामस्वरूप जमीन में अधिक कंपन होता है और इमारतों को अधिक नुकसान पहुंचने और अधिक लोगों के हताहत होने की संभावना रहती है। तिब्बती पठार विवर्तनिक प्लेटों के टकराव के कारण अपनी भूकंपीय गतिविधि के लिए जाना जाता है।

### गोल्डन डोम के विरोध पर बुरी तरह भड़के ट्रंप

## 'चीन एक साल के अंदर कनाडा को खा जाएगा'



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा की जमकर आलोचना की। उन्होंने ग्रीनलैंड पर अपनी प्रस्तावित 'गोल्डन डोम' मिसाइल रक्षा परियोजना को अस्वीकार करने पर कहा कि चीन एक साल के अंदर कनाडा को 'खा' जाएगा, क्योंकि उनका उत्तरी पड़ोसी अमेरिका की सुरक्षा वाली योजना के बजाय चीन के साथ करीबी रिश्ते चुन रहा है। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'कनाडा ग्रीनलैंड पर 'गोल्डन डोम' बनाए जाने के खिलाफ है, जबकि 'गोल्डन डोम' कनाडा की भी रक्षा करेगा। इसके बजाय, उन्होंने चीन के साथ व्यापार करने के पक्ष में वोट दिया, जो पहले साल के अंदर ही उन्हें 'खा' जाएगा!'

### 'कनाडा को हमसे बहुत सारी मुफ्त सुविधाएं मिलती हैं'

बता दें कि ट्रंप का यह गुस्से से भरा बयान अमेरिका और उसके उत्तरी पड़ोसी कनाडा के बीच बढ़ते तनाव के बीच आया है। यह तनाव हाल ही में डावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कनाडियन प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बयानों के बाद और बढ़ा। बुधवार को WEF की 56वीं सालाना बैठक में अपने भाषण के दौरान ट्रंप ने कार्नी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कनाडा को अमेरिका से मिलने वाली 'मुफ्त सुविधाओं' के लिए ज्यादा 'कृतज्ञ' होना चाहिए, जिसमें उसकी सुरक्षा भी शामिल है।ट्रंप ने कहा, 'कनाडा को हमसे बहुत सारी मुफ्त सुविधाएं मिलती हैं। उन्हें कृतज्ञ होना चाहिए, लेकिन वे नहीं हैं। मैंने कल आपके प्रधानमंत्री को देखा, वे इतने कृतज्ञ नहीं लगे। उन्हें हमें धन्यवाद देना चाहिए।' ट्रंप ने आगे कहा कि ग्रीनलैंड पर 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम बनाने की उनकी योजना कनाडा को भी सुरक्षा देगी। ट्रंप ने कहा, 'कनाडा अमेरिका की वजह से जिंदा है। अगली बार जब तुम बयान दो तो यह याद रखना, मार्क।' उन्होंने अमेरिका की रणनीतिक भूमिका पर जोर दिया, जो उसके उत्तरी पड़ोसी की रक्षा करती है। ट्रंप के ये बयान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के लिए थे, जिन्होंने ड्ढश्वस्न में अपने भाषण में कहा कि यह 'बड़ी शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा का दौर है, जहां नियम-आधारित व्यवस्था कमजोर हो रही है।

## कुछ लोग ठाकरे का नाम मिटाने की ताक में, मंसूबे सफल नहीं होंगे: उद्धव



**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव में हार का सामना करने के कुछ दिनों बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यह सोच रही है कि वह उनकी पार्टी को खत्म कर सकती है, तो यह उसकी बड़ी भूल है। उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचार है।

अपने पिता और शिवसेना (अविभाजित) के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की जन्मशती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई लोग ठाकरे नाम को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हो पाएगा।

उद्धव से पहले मंच पर बोलते हुए उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि राज्य की राजनीतिक स्थिति 'गुलामों के बाजार' जैसी है। कल्याण-डोंबिवली नगर निगम समेत हाल के निकाय चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य में 'नीलामी' चल रही है। उद्धव ने कहा, अगर भाजपा यह सोचती है कि वह शिवसेना (यूबीटी) को खत्म कर देगी, तो वह गलत है। शिवसेना (यूबीटी) कोई पार्टी नहीं, बल्कि एक विचार है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर शिवसेना नहीं होती, तो भाजपा कभी भी बीएमसी या राज्य सरकार के मुख्यालय 'मंत्रालय' के अंदर तक नहीं पहुंच पाती।उनकी यह टिप्पणी 15 जनवरी को हुए बीएमसी चुनाव के बाद आई है। इन चुनावों में भाजपा ने 227 में से 89 सीट पर जीत दर्ज की और सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

**मेट्रो एंकर** तीनों सेनाओं की संयुक्त सफलता पर केंद्रित होगी झांकी, परेड का नेतृत्व करेंगे लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार

# परेड में दिखेगा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रतीक एस-400

**नई दिल्ली, एजेंसी**



गणतंत्र दिवस 2026 की परेड में पहली बार सैन्य मामलों के विभाग की झांकी में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली का प्रदर्शन किया जाएगा। एयर कमोडोर मनीष सबरवाल के अनुसार, यह प्रणाली ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रतीक है। चार दिनों के संघर्ष के दौरान इसने पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू और एक जासूसी विमान को मार गिराया था। इस वर्ष ऑपरेशन सिंदूर झांकी तीनों सेनाओं की संयुक्त सफलता पर केंद्रित होगी।

परेड का नेतृत्व चौथी बार लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार करेंगे। इसमें कुल 6,050 सैन्य कर्मी हिस्सा लेंगे। परेड में भैरव, शक्तिबाण, यूजीवी और एटीएजीएस भी शामिल होंगे। कर्तव्य पथ पर कुल 30 झांकियां दिखेंगी, जिनमें 17 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और 13 मंत्रालयों की होंगी। वंदे मातरम और आत्मनिर्भर भारत की थीम पर आधारित ये झांकियां देश की प्रगति और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाएंगी।

### गणतंत्र दिवस पर सुबह 3 बजे से मिलेंगी ट्रेन, हर 15 मिनट में मेट्रो!

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली में लोगों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने खास इंतजाम किए हैं। 26 जनवरी को दिल्ली मेट्रो की सेवाएं सामान्य दिनों से पहले शुरू होंगी, ताकि परेड देखने जाने वाले लोग और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।के मुताबिक, गणतंत्र दिवस के दिन दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर ट्रेन सेवाएं सुबह 3 बजे से शुरू कर दी जाएंगी। यह सुविधा सभी प्रमुख रूट पर उपलब्ध रहेगी। शुरुआती समय में मेट्रो ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी भी सामान्य से बेहतर रखी जाएगी। यह विशेष व्यवस्था कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने वाले और उसे देखने आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है।दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अनुसार, सुबह 3 बजे से 6 बजे तक मेट्रो ट्रेनें हर 15 मिनट के अंतराल र चलाई जाएंगी, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो और वे सुरक्षित व आरामदायक यात्रा कर सकें।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564